देशबन्धु

वर्ष – 8 । अंक–206 । सागर, गुरुवार, 14 सितंबर 2023 । पृष्ठ –8 । मूल्य – 3.00 रुपए

पेट्रोकैमिकल कॉम्प्लेक्स और 10 नई परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे

# मोदी आज बीना आएंगे, 50 हजार करोड़ से अधिक की सौगातें देंगे



**भोपाल, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14 सितम्बर को एक बार फिर प्रदेश के दौरे पर रहेंगे। श्री मोदी बीना रिफाइनरी में पेट्रोकैमिकल कॉम्प्लेक्स और राज्य भर में दस नई औद्योगिक परियोजनाओं सहित 50 हजार करोड़ रुपए से अधिक की सौगातें देंगे। प्रधानमंत्री बीना रिफाइनरी में पेट्रोकैमिकल परिसर का शिलान्यास करेंगे। साथ ही वे बीना से ही नर्मदापुरम में विद्युत और नवीकरणीय ऊर्जा विनिर्माण क्षेत्र और रतलाम में मेगा औद्योगिक पार्क की आधारशिला रखेंगे। इंदौर में दो आईटी पार्क और राज्य भर में छह नए औद्योगिक पार्क की आधारशिला भी रखेंगे।

मुख्यमंत्री ने तैयारियों का लिया जायजा, कहा-

## नया इतिहास रचेगा

**सागर, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि 14 सितंबर बीना की पावन धरा पर एक नया इतिहास रचेगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान आज सागर जिले के बीना रिफाइनरी परिसर में 14 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किए जाने वाले पेट्रोकेमिकल प्रोजेक्ट के शिलान्यास की तैयारियों का अवलोकन कर रहे थे।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि पेट्रो केमिकल प्रोजेक्ट मध्य प्रदेश में अब तक का एक स्थान पर आया हुआ सबसे बड़ा निवेश है। रूपये 50 हजार करोड़ के इस निवेश के साथ ही एक लाख करोड़ रूपये के निवेश प्रदेश के अलग-अलग स्थान पर होंगे, जिससे 2 लाख लोगों को रोजगार मिलेगा। इस प्रोजेक्ट से प्रत्यक्ष- अप्रत्यक्ष रूप से 2.15 लाख



और शेष 2 लाख को मिलाकर 4 लाख 15 हजार से ज्यादा रोजगार के अवसर सृजित होंगे। नगरीय विकास मंत्री भूपेंद्र सिंह, सहकारिता, लोक प्रबंधन मंत्री और सागर जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. अरविंद सिंह भदौरिया, सांसद राजबहादुर सिंह, विधायक महेश राय, गौरव सिरोठिया सहित अनेक जन-प्रतिनिधियों के साथ वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।

मुख्यमंत्री ने की थी घोषणा, आदेश जारी

# लाड़ली बहनों को साढ़े 4 सौ रुपए में मिलेगा गैस सिलेंडर

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणा पर अमल करते हुए प्रदेश सरकार ने लाड़ली बहनों को साढ़े 4 सौ रुपए में रसोई गैस सिलेंडर उपलब्ध करवाने के संबंध में विधिवत आदेश जारी कर दिए हैं। इस योजना से जहां उज्जवला योजना के अंतर्गत पंजीकृत 82 लाख उपभोक्ताओं के अलावा मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में पंजीकृत लगभग 15 लाख (एलपीजी कनेक्शनधारी) महिलाएं इस योजना की हितग्राही होंगी। इस तरह तकरीबन 97 लाख लाड़ली बहनें इस योजना से लाभांवित होंगी। यह रियायत माह में सिर्फ 1 सिलेंडर भरवाने वालों को ही मिलेगी।

योजना का लाभ लेने के लिए पहले गैस एजेंसी को सिलेंडर भरवाते समय पूरी कीमत का भुगतान करना होगा। उसके बाद केंद्र सरकार के अनुदान और राज्य द्वारा निर्धारित विक्रय दर को कम करने के बाद आए अंतर की राशि हितग्राही के आधार से लिंक खाते में बतौर अनुदान अंतरित कर दी जाएगी। योजना के लिए वही बहनें पात्र होंगी, जिनके नाम से गैस कनेक्शन होगा। योजना के पंजीकृत हितग्राहियों की जानकारी 25 सितंबर से पोर्टल पर प्रदर्शित होगी।



### पोर्टल पर होगा पंजीयन

मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के पोर्टल पर ऐसी बहनों का पंजीयन किया जाएगा, जिनके नाम पर कनेक्शन है। इसमें प्रधानमंत्री उज्जवला योजना की लाभार्थी भी हो सकती हैं। इस योजना का लाभ 4 जुलाई से 31 अगस्त तक गैस सिलेंडर भरवाने वाले प्रधानमंत्री उज्जवला गैस कनेक्शनधारी उपभोक्ताओं को भी अनुदान की राशि इस प्रक्रिया से दिया जाएगा। योजना का लाभ लेने के लिए पंजीयन उन सभी केंद्रों पर होगा, जहां लाड़ली बहना योजना का पंजीयन होता है। इसके लिए उपभोक्ता को नंबर और कनेक्शन आइडी देनी होगी।

### कलेक्टर रखेंगे नजर

योजना का क्रियान्वयन खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग करेगा, जिसकी निगरानी कलेक्टर करेंगे। इसके अलावा राज्य स्तर पर विभाग के प्रमुख सचिव की अध्यक्षता में निगरानी समिति बनाई जाएगी, जिसमें आयल कंपनी के कर्मचारी भी रहेंगे। हितग्राहियों के पंजीयन कार्य में पंचायत एवं ग्रामीण विकास और नगरीय विकास एवं आवास विभाग के कर्मचारियों की सहायता से किया जाएगा। इसके अलावा हितग्राहियों को अनुदान अथवा अन्य कोई परेशानी आने पर उसके निराकरण के लिए ऑनलाईन व्यवस्था बनाई जाएगी।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रक्षाबंधन से पहले भोपाल में आयोजित लाड़ली बहना सम्मेलन में घोषणा की थी कि सावन में जिन लाड़ली बहनों ने रसोई गैस सिलेंडर भरवाए हैं, उन्हें साढ़े 4 सौ रुपए का अनुदान दिया जाएगा। इसे विस्तार देते हुए अब यह व्यवस्था कर दी गई है कि एक सितंबर से प्रधानमंत्री उज्जवला और मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में पंजीकृत वे महिलाएं, जिनके नाम से रसोई गैस कनेक्शन हैं, उन्हें साढ़े 4 सौ रुपए में रसोई गैस उपलब्ध कराई जाएगी।

# मामूली विवाद में खूनी संघर्ष, 5 की मौत



### आधा दर्जन घायल, अस्पताल में भर्ती

**दतिया, देशबन्धु।** मामूली विवाद के बाद 2 पक्ष के बीच हुई गोलीबारी में 5 लोगों की मौत हो गई। जबकि आधा दर्जन घायल हो गए। घटना की खबर मिलते ही बड़ी संख्या में पुलिस बल के साथ आला अधिकारी मौके पर पहुंच गए। घटना बुधवार सुबह सिविल लाइन थाना क्षेत्र के ग्राम रेंडा में घटी।

पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने ग्रामीणों के हवाले से बताया कि सिविल लाइन थाना क्षेत्र के ग्राम रेंडा में 2 दिन पहले प्रकाश दांगी के परिवार का गांव के ही प्रीतम पाल के परिवार से धान के खेत में मवेशी घुस जाने को लेकर विवाद हुआ था। बताया गया कि इस विवाद के बाद दोनों पक्षों की तरफ से थाना सिविल लाईन में आवेदन भी दिया गया था। जिसके पुलिस ने दोनों पक्षों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई भी की थी। इस विवाद को सुलझाने के उद्देश्य से गांव के बुर्जुगों की मौजूदगी में पंचायत बुलाई गई थी। जिसमें मामला सुलझने की बजाय और उलझ गया और दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए, बात यहां तक बढ़ी की दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर गोलीबारी शुरू कर दी। तकरीबन आधा घंटे तक चली इस गोलीबारी में पिता-पुत्र सहित 5 लोगों की जान चली गई। गोली लगने से प्रकाश दांगी पुत्र भैयालाल, उसके पुत्र सुरेंद्र दांगी और भाई रामनरेश दांगी की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दूसरे पक्ष से राजेंद्र पाल पुत्र प्रीतम पाल और राघवेंद्र पाल पुत्र ठाकुर दास पाल की मौत घटना में हो गई। वहीं इस घटना में ज्ञान सिंह पुत्र लालाराम पाल, ठाकुरदास पुत्र रामचरण पाल, मुकेश पुत्र सिरनाम पाल सहित आधा दर्जन घायलों को भी उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया जा रहा है, इनमें से 2 की हालत नाजुक बताई गई है।

### गृहमंत्री ने दिए दोषियों पर कार्रवाई के निर्देश

दतिया विधानसभा क्षेत्र से विधायक और प्रदेश के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने घटना के सिलसिले में पुलिस के आला अधिकारियों से जानकारी ली, इसके साथ ही उन्होंने दोषियों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। जिसके बाद सक्रिय हुई पुलिस ने इस मामले में दर्जनों लोगों को हिरासत में लिया है।

# तेज रफ्तार ट्रक ने 11 को कुचला, मौत

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान के भरतपुर में बुधवार सुबह एक भयावह घटना में एक तेज रफ्तार ट्रक से कुचलकर 11 लोगों की मौत ह गई और 12 अन्य घायल हो गए। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है।

### एक दर्जन हुए घायल

हादसा सुबह करीब 5:30 बजे लखनपुर थाना क्षेत्र के आगरा-जयपुर नेशनल हाईवे-21 पर हंतारा के पास उस समय हुआ जब एक खराब हो चुकी बस के यात्री नीचे बस के पास खड़े थे। बस में 45 से अधिक लोग थे और कुछ लोग खराबी की जांच करने के लिए ड्राइवर और हेल्पर के साथ नीचे उतरे। मृतकों में छह महिलाएं शामिल हैं।

पुलिस ने बताया कि सभी मृतक गुजरात के भावनगर के रहने वाले हैं। पुलिस के मुताबिक, बस भावनगर से मथुरा होते हुए हरिद्वार जा रही थी और भरतपुर-आगरा हाईवे पर अचानक खराब हो गई। चालक और उसके साथी के साथ कुछ यात्री भी बस से उतर गए। ड्राइवर और उसके साथी फॉल्ट चेक कर रहे थे तभी ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी और किनारे खड़े लोगों को कुचल दिया। वहां से गुजर रहे अन्य वाहनों के चालकों ने पुलिस और एम्बुलेंस को फोन किया। शवों को भरतपुर जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। हादसे के बाद हाईवे पर जाम लग गया। पुलिस ने बताया कि अभी तक यह पता नहीं चल पाया है कि टक्कर किस वाहन की वजह से हुई। घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है।



## सार-समाचार

### पत्रकार कल्याण परिषद के नवनियुक्त अध्यक्षों को दी बधाई





**बण्डा, देशबन्धु।** पत्रकार कल्याण परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष बेदांती त्रिपाठी के निर्देशानुसार प्रदेश अध्यक्ष दिवाकर विश्वकर्मा की अनुशंसा पर सर्व सहमति से पत्रकार कल्याण परिषद के जिलाध्यक्ष सूर्याकुमार दुबे ने बण्डा का अध्यक्ष दिनेश सिंह लोधी शाहगढ़ ब्लाक इकाई अध्यक्ष धीरज प्रजापति एवं बहरोल इकाई अध्यक्ष देवेंद्र सिंह लोधी को अध्यक्ष बनाया। नवनियुक्त अध्यक्षों को पत्रकार कल्याण परिषद के संरक्षक रामगोपाल गोस्वामी, देवकुमार यादव, सुनील तिवारी, बृजेश गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष अवधेश शर्मा, सुरेंद्र प्रताप सिंह, दिनेश सोनी आदि सहित अनेको लोगों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### दस साल से फरार स्थाई वारंटी चढ़ा पुलिस के हत्थे



**गौरझामर, देशबन्धु।** गौरझामर थाना पुलिस को 10 साल से फरार स्थाई वारंटी को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। थाना प्रभारी ब्रजमोहन कुशवाह ने बताया फरार आरोपी पूरन उर्फ परमू पिता बलराम लोधी निवासी सिलारपुर पर धारा 377 आईपीसी 3(2)(5) एससी एसटी एक्ट 3/4 पास्को एक्ट में 10 साल से फरार चल रहा था जिस पर स्थाई वारंट जारी किया गया था। आरोपी की पुलिस को कई दिनों से तलास थी पुलिस जवानों ने घेराबंदी कर वारंटी को गिरफ्तार किया और न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

### फर्जी मार्कशीट बनाने वाला आरोपी गिरफ्तार



**सागर, देशबन्धु।** सौरभ सेन निवासी मधुकर शाह वार्ड द्वारा 5 अगस्त 2023 को थाना मकरोनिया पर सूचना दी गई कि अमित ठाकुर निवासी रजाखेडी मकरोनिया द्वारा अपने मकान में विजय मेमोरियल सीनियर सेकेण्डरी स्कूल रजाखेडी थाना मकरोनिया जिला सागर के नाम से स्कूल खोलकर फर्जी स्कूल नाम के स्कूल संचालित करते हुये छात्र-छात्राओं से प्रतिमाह फीस वसूलने एवं कम्प्युटर पर नकली मार्कसीट बनाकर देने संबंधी रिपोर्ट दर्ज कराई थी। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना मकरोनिया में अपराध क्रमांक 400/23 धार 420, 467 ताहि का आरोपी अमित ठाकुर पिता स्व. राजेश सिंह ठाकुर उम्र 26 वर्ष निवासी रजाखेडी थाना मकरोनिया जिला सागर के विरूद्ध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान आरोपी अमित ठाकुर निवासी रजाखेडी के द्वारा जारी मार्कसीट के सत्यापन के संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी सागर एवं माध्यमिक शिक्षा मण्डल मप्र भोपाल से जारी प्राप्त की गई जो उक्त मार्कसीट में लेख सीरीज शिक्षा मंडल में रिकार्ड होना नही पाया गया। आरोपी अमित ठाकुर पिता को 12 सितम्बर को मकरोनिया पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया जाकर फर्जी मार्कशीट तैयार करने के संबंध में पूछताछ की गई जिसने घर पर फर्जी मार्कशीट तैयार करना बताया। आरोपी को न्यायालय पेश कर पूछताछ हेतु पुलिस रिमांड प्राप्त किया गया जिससे प्रकरण में अन्य पूछताछ की जा रही हैं। उक्त आरोपी की गिरफ्तारी करने में निरी. नरेन्द्र सिंह, विवेक शर्मा, दिनेश पटैल, भानू, फैजान, राधा काजले का योगदान रहा।

### बालिका से छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को 3 वर्ष का सश्रम कारावास

**सागर, देशबन्धु।** बालिका के साथ छेड़छाड़ करने वाले अभियुक्त मोहन यादव को तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश विशेष न्यायाधीश पाक्सों एक्ट 2012 नीलम शुक्ला जिला सागर की अदालत ने दोषी करार देते हुये भादवि की धारा 354 के तहत 3 वर्ष सश्रम कारावास एवं एक हजार रूपये अर्थदण्ड तथा एससी/एसटी एक्ट की धारा 3(1)(डब्ल्यू)(आई) व धारा 3(2)(व्ही-ए) धारा 354 भादस के तहत तीन-तीन वर्ष सश्रम कारावास एवं एक-एक हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा से दंडित किया है। मामले की पैरवी प्रभारी उप.संचालक अभियोजन धर्मेन्द्र सिंह तारन के मार्ग दर्शन में सहायक जिला अभियोजन अधिकारी रिपा जैन ने की। घटना इस प्रकार है कि शिकायतकर्ता/बालिका के पिता ने थाना छानबीला में 3 दिसम्बर 2020 को रिपोर्ट लेख कराई कि 2 दिसम्बर 2020 को करीब 6 बजे शाम को उसकी लड़की पीड़िता शौच के लिये गयी थी, करीब आधा घंटा बाद शाम को जब बालिका पीड़िता रोते हुये घर आई तो उसने व उसकी पत्नी ने उससे रोने का कारण पूछा तो उसने बताया कि अभियुक्त मोहन यादव बुरी नियत से उसका बॉया हाथ पकड़कर अपनी तरफ खींच रहा था और उसके साथ छेड़छाड करने लगा फ़िर बालिका पीड़िता हाथ छुड़ाकर भागी तथा पास में खड़ा एक व्यक्ति जब अभियुक्त मोहन यादव को पकड़ने दौड़ा तो वह भाग गया। उक्त रिपोर्ट के आधार पर थाने पर प्रकरण पंजीबद्ध कर मामला विवेचना में लिया गया, विवेचना उपरांत चालान न्यायालय में पेश किया।

# वन विभाग से महज तीन सौ मीटर दूरी पर दिन में ही सागौन का पेड़ काट दिया

## वन अमले ने काटने वाले को बक्शा, सागौन की लावारिस जब्ती बनाई



**शाहगढ़, देशबन्धु।** नगर के चंद्रशेखर आजाद वार्ड से सटे जंगलों से इन दिनों बड़ी मात्रा में सागौन पेड़ों के काटने का सिलसिला चल रहा है। वार्ड से लगे जंगल में दिन रात कटाई चल रही हैं चौकाने वाली बात यह है कि जिस जगह पेड़ काटे जा रहे है उससे वन विभाग कार्यालय की दूरी लगभग तीन सौ मीटर है। इतने करीब वन विभाग की 24 घंटे तैनाती के बावजूद इस तरह से अवैध कटाई विभाग के सांठगांठ की ओर इशारा करती है। मौके पर धड़ल्ले से कटाई की जा रही है। तस्कर कई सागौन के पेड़ काट चुके हैं। इससे यहां जंगल खत्म होने की कगार पर पहुंच गया है। सूत्र बताते है कि विभाग को इसकी भनक भी है मगर जानकारी होने के बाद भी वन माफियों पर किसी भी प्रकार की कार्रवाई नहीं की जा रही है। इससे जंगलों से बेशकीमती सगौन के विशाल पेड़ समाप्त होते जा रहे हैं। वार्ड के निवासियों ने बताया कि इस क्षेत्र में रोजाना वन माफ़िया सागौन को काटकर ले जा रहे हैं। कुल्हाड़ी, आरी चलाने के आवाज सुनाई देती है। कार्रवाई नहीं होने से तस्करों के हौसले बुलंद हैं और बेखौफहोकर दिनदहाड़े पेड़ काट रहे हैं। वन विभाग की लापरवाही से दिनोंदिन हरे भरे खूबसूरत जंगल उजाड़ हो रहे हैं।

### रात के अंधेरे में होती है ढुलाई

दिन में वन माफिया के लोग जंगल में कटाई करते हैं और जैसे ही रात होती है वाहनों अथवा कंधों से लकड़ी की ढुलाई की जाती है। इस तरह आए दिन कीमती लकड़ी की तस्करी की जाती है। ऐसे कृत्य पर विभाग की ओर उंगली उठना लाजिमी है। तस्करों को सीधे तौर पर छूट दी जा रही है। डीएफओ से बात करने की कोशिश की गई पर उन्होंने फोन नहीं उठाया। वार्ड के लोगों ने इसकी शिकायत की है पर सुनवाई नहीं हो रही है।

### बुधवार को काटे गए सागौन पेड़ की जब्ती करने पहुंचा वन अमला

जंगल से सागौन पेड़ की हों रही अवैध कटाई की मिल रही शिकायत को संज्ञान में लेते हुए शाहगढ़ वन परिक्षेत्र अधिकारी सुश्री अंजू वर्मा ने फौरन वन अमले को भेजा और काटे गए सागौन पेड़ को जप्त कर वन विभाग कार्यालय में लेकर आए, मीडिया द्वारा कार्यवाही के आरोपी की जानकारी लेने पर वन परिक्षेत्र अधिकारी ने बताया कि जहां से सागौन पेड़ काटा गया है जब्ती कर ली गई है, वह वन भूमि से बाहर है किसने काटा जानकारी लगाई जा रही है, जो भी इस अवैध कटाई में शामिल होगा उस पर भी कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है।

## शहर कांग्रेस अध्यक्ष पचौरी ने मंडलम, सेक्टर की कार्य समीक्षा की



**सागर, देशबन्धु।** कांग्रेस कार्यालय में मंडलम, सेक्टर की बैठक जिला शहर कांग्रेस राजकुमार पचौरी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर मंडलम और सेक्टर स्तर पर समीक्षा की गई एवं जो सेक्टर अध्यक्ष निष्क्रिय हैं, उन्हें शीघ्र बदला जाएगा, साथ ही बूथ स्तर पर एवं हर गली में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को सक्रिय किया जाएगा। बैठक में संगठन मंत्री चक्रेश सिंघई ने बताया कि कितने फर्जी नाम, वोटर लिस्ट से हटाए गए हैं। साथ ही शीघ्र ही सागर विधानसभा में शिवराज सरकार के घोटालो को जन जन तक पहुंचाने का काम करेंगे। बैठक में दीनदयाल तिवारी, योगराज कोरी, प्रेमनारायण विश्वकर्मा, समीर खान, शेख शहजाद निहारिया, दामोदर कोरी, वसीम खान आदि उपस्थित रहे। उक्तशय की जानकारी जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष प्रवक्ता आशीष ज्योतिषी ने दी।

## लोधी क्रांति सेना ने शिक्षा विभाग के नाम नायब तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



**बण्डा।** लोधी क्रांति सेना के कार्यकर्ताओं ने स्कूल शिक्षा विभाग के नाम बण्डा एसडीएम की अनुपस्थिति में नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौपा है ज्ञापन में उल्लेख है कि बण्डा क्षेत्र के हाईस्कूल चकेरी विनैका, पजनारी, विजयपुरा विकासखंड बंडा स्वीकृत कक्षा 1 से 10 तक कक्षा है हाईस्कूल शाला भवन के लगभग 5 कक्षो 4 पक्के एवं 1 कच्चे में बरसात के दिनों में छतों से पानी का भराव होने लगता है पानी पूरी कक्षा में भर जाता है तथा बच्चे कक्षाओं में नहीं बैठ पाते हैं और अत्याधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, ग्राम पंचायत कांटी, खिरिया माध्यमिक स्कूल में चल रही तानाशाही साफ सफाई शिक्षक की लापरवाही जो समय-समय पर स्कूल नहीं पहुंचते बच्चों को परेशान का सामना करना पड़ रहा है जिससे बच्चों का भविष्य खराब हो रहा है, ग्राम पंचायत पजनारी स्कूल में तीन कमरे छती ग्रस्त हैं जिससे बच्चों को पढ़ने में भय रहता है जो छतों मलमा मिट्टी गिरने का डर बना रहता है ग्राम पंचायत बरखेड़ा की ग्राम बेई मे लाइट की समस्या मीटर लगा है स्कूल संस्था द्वारा बिल भी भरा जाता है लेकिन लाइट नहीं आती पानी की समस्या बोर में मोटर डाली है लेकिन लाइट ना आने के कारण बच्चों को पानी नहीं मिलता हेड पंप खराब पड़ा हुआ है कई दिनों से लगभग 10 साल पहले एक बिल्डिंग बनाई गई थी जो क्षतिग्रस्त है सीलिंग गिर रही है बच्चों के ऊपर गिरने का डर बना रहता है एवं मध्यान भोजन ठीक से नहीं दिया जा रहा है। ग्राम पंचायत जमुनिया के ग्राम बिचपुरी शासकीय प्राथमिक शाला में बाउंड्री बोल ना होने के कारण लोगों का आना-जाना बना रहता है जिससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है वहां पर लोग बैठकर नशे का इस्तेमाल करते हैं जिससे बच्चों की पढ़ाई में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है स्कूल में पीने के पानी की व्यवस्था नहीं है जिससे बच्चों को अपने घर से पानी ले जाना पड़ता है। ज्ञापन सौपने वालों में हाकम सिंह लोधी, अखिलेश लोधी, गोविंद सिंह लोधी, बलवंत सिंह लोधी, राजाराम सिंह लोधी, राज लोधी, राजकुमार लोधी सहित सैकड़ो की संख्या में शामिल हुए।

### विधायक ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन का किया भूमिपूजन

**मकरोनिया, देशबन्धु।** विधायक प्रदीप लारिया ने परसोरिया में 306.8 लाख रूपये की राशि निर्मित होने वाले प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन निर्माण का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए श्री लारिया ने कहा कि अभी हाल ही में प्रदेश सरकार द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मकरोनिया जो 30 बिस्तरीय चल रहा था। उसे 50 बिस्तरीय सिविल अस्पताल बनाने की स्वीकृति दी है। भाजपा सरकार में स्वास्थ्य सुविधाओं में काफी तेजी से विकास हो रहा है। कार्यक्रम में जनता की मांग पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का नामकरण वीरांगना अवंती बाई के नाम पर करने की घोषणा की। यहां स्व-सहायता समूह की महिलाओं को स्वीकृत ऋण के चेक वितरित किए और स्वरोजगार योजना अंतर्गत सिलाई, कड़ाई, बुनाई का कार्य करने वाली महिलाओं को प्रमाण-पत्र भी वितरित किए। इस अवसर पर भाजपा मण्डल अध्यक्ष, स्थानीय सरपंच, जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी और महिलाये उपस्थित रही।

#### वीरांगना अवंती बाई होगा स्वास्थ्य केन्द्र का नाम

### 50 बिस्तरीय अस्पताल बनाये जाने पर चिकित्सक स्टाफ और नागरिकों ने विधायक का किया स्वागत



**मकरोनिया, देशबन्धु।** मकरोनिया में संचालित 30 बिस्तरीय शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का उन्नयन कर इसे 50 बिस्तरीय सिविल अस्पताल बनाया जा रहा है। इसके लिए विधायक प्रदीप लारिया लगातार प्रयासरत थे। परिणाम स्वरूप इस केन्द्र का जल्द 50 बिस्तरीय सिविल अस्पताल में उन्नयन होना है। जिसके लिए प्रशासकीय स्वीकृति भी प्राप्त हो चुकी है। जिसके बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मकरोनिया के चिकित्सक स्टाफ और मकरोनिया के नागरिकों ने विधायक प्रदीप लारिया के निवास पर जाकर उनका आभार व्यक्त करते हुए फूल-मालाओं से स्वागत किया।

### झलकारी बाई पार्क में लगेगी उनकी भव्य प्रतिमा: शैलेंद्र जैन



**सागर, देशबन्धु।** कोरी समाज ने विधायक शैलेंद्र जैन के निवास पर पहुंचकर अमर शहीद वीरांगना झलकारी देवी कोरी की प्रतिमा स्थापित किये जाने के संबंध में कोरी समाज आर्दश संगठन के सदस्यों ने ज्ञापन सौंपा। विधायक ने कहा कि अमर शहीद वीरांगना झलकारी बाई सिर्फ कोरी समाज की नही अपितु पूरे भारत वर्ष के लिए आदर और श्रद्धा की प्रतीक है, हम संजय ड्राइव स्थित झलकारी बाई पार्क में उनकी भव्य प्रतिमा लगाएंगे। इस दौरान मुन्नालाल कोरी, डॉ. हुकुम मासाब, दिनेश तंतवाय, सीएल बाबू कोरी, शारदा कोरी आदि उपस्थित रही।

### मुख्य मार्ग एनएच 26 से साईखेड़ा एवं मुख्य मार्ग से रजौआ सड़क मार्गो का होगा निर्माण कार्यो को मिली स्वीकृति

**सागर, देशबन्धु।** विधायक प्रदीप लारिया के लगातार प्रयासों से विधानसभा क्षेत्र की दो मुख्य सड़क मार्गो का मप्र ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण द्वारा निर्माण होगा। मुख्य मार्ग एनएच 26 से साईखेड़ा मार्ग का लागत 473.81 लाख की लागत एवं मुख्य मार्ग से रजौआ सड़क मार्ग का 173.4 लाख लागत से होगा निर्माण कार्य। इन दोनों प्रमुख मार्गो पर भारी वाहनों के आवागमन से सड़क मार्ग क्षतिग्रस्त हो गये थे। विधायक द्वारा इन प्रमुख मार्गो के क्षतिग्रस्त होने का विषय विधानसभा सत्र के दौरान भी शासन का ध्यान आकर्षित कराया था। विधानसभा क्षेत्र में सड़क मार्गो की स्वीकृति पर मकरोनिया ग्रामीण मंडल अध्यक्ष एवं सागर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सहित ग्राम वासियों एवं भाजपा कार्यकर्ता द्वारा विधायक श्री लारिया के प्रति आभार व्यक्त किया।

## जो गुरूजन हैं, तपस्वी हैं, उनकी अवज्ञा कभी नहीं करना चाहिए: मनीषा गुरहा



**खुरई, देशबन्धु।** विगत कई वर्षो से समाजसेवा एवं रचनात्मक कार्यों में अग्रणीय ईव्ज क्लब के द्वारा मेधावी छात्रों एवं शिक्षकों का सम्मान समारोह शासकीय ललिता शास्त्री स्कूल के विशाल परिसर में किया गया। इस अवसर पर स्कूल के प्राचार्य जिठौतिया एवं उनके समस्त स्टाफ का सम्मान श्रीफल, शाल एवं प्रतीक चिह्न देकर ईव्ज क्लब के पदाधिकारी मनीषा गुरहा, नीना चौधरी, वंदना जैन, माधुरी माहेश्वरी, प्रीति बड़कुल, मीना जैन, भारती सराफ, अल्का जैन आदि ने किया। मनीषा गुरहा ने सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में किसी भी व्यक्ति का सम्मान करना तो बहुत सरल है परन्तु दूसरों का सम्मान होते देखना बहुत कठिन हो गया है। हमें दूसरों के यश का लोप नहीं करना चाहिए। दूसरे का यश फैल रहा हो तो उसमें बाधा नहीं डालना। करते हैं अपन ऐसा, दूसरे का यश न फैल पावे इसलिये नाना प्रकार से उपाय रचते हैं। जो गुरूजन हैं, तपस्वी हैं, उनकी अवज्ञा करना, महान व्यक्ति की अवज्ञा से नीचे ही जाना पड़ेगा और क्या होगा, और अगर हम महान व्यक्ति की महानता का गुणगान करेंगे तो हम तो स्वयं ही महान हो जाएंगे। नीना चौधरी ने कहा कि हम तो अपने को इतना बड़ा मानते हैं कि दूसरों का सम्मान करना अपने आप का अपमान करने जैसा लगता है। हमारे प्रति तिरस्कार करने के बावजूद भी हमारे मन में सद्भावना बनी रहना चाहिए। दूसरे के अवगुण देखने से कुछ हमारे गुण बढ़ नहीं जाएंगे। दूसरे के गुण देखने से तो कदाचित् हमारे गुण बढ़ सकते हैं और अपने गुणों को हम बढ़ाने के लिये प्रयत्न करें। कार्यक्रम का संचालन वंदना जैन ने किया एवं आभार प्राचार्य जिठौतिया ने किया।

### श्रीकृष्ण जन्म उत्सव पर निकाली शोभायात्रा का सेवादल ने किया स्वागत



**सागर, देशबन्धु।** जिला यादव महासभा के तत्वावधान में अपने आराध्य श्रीकृष्ण जी के जन्मोत्सव के पर्व पर शोभायात्रा का आयोजन किया। शोभायात्रा की शुरूवात यादव धर्मशाला, शास्त्री वार्ड से आरंभ होकर भगवानगंज, गुजराती बाजार होते हुए मोतीलाल नेहरू विधालय, तीनबत्ती पर समाप्त हुई। जहां कांग्रेस सेवादल परिवार ने शोभायात्रा का पूर्ण भक्तिभाव के साथ भव्य स्वागत किया। शोभायात्रा में सम्मिलित यदुवंशियों पर पुष्प वर्षा कर, यादव समाज के वरिष्ठ जनों का पुष्पमाला पहनाकर सम्मान किया। शहर सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे ने शोभायात्रा में शामिल झांकियों की पूजा अर्चना की। स्वागतकर्ताओ में ग्रामीण सेवादल अध्यक्ष महेश जाटव, वरिष्ठ कांग्रेसी प्रदीप गुप्ता, सुरेंद्र चौबे, प्रीतम यादव, अकरम, लल्ला यादव, रवि जैन आदि उपस्थित रहे।

## जनसमस्या निवारण शिविर में सुनी सरोज सिंह ने लोगों की समस्याएं



**बांदरी, देशबन्धु।** जिला पंचायत की पूर्व उपाध्यक्ष सरोज सिंह ने ग्राम बोबई में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में आमजन की समस्याएं सुनी। इसके पश्चात बांदरी के बम्होरी हुड्डा, रजवांस एवं बरोदियाकलां के धामोनी तिराहा पर लगभग दो करोड़ के विकास कार्यो का भूमिपूजन किया। सरोज सिंह ने रजवांस में 20 लाख की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन निर्माण का भूमिपूजन किया। वहीं उन्होंने बरोदियाकलां के धामोनी तिराहा पर 1.60 करोड़ की लागत से विभिन्न वार्डो में बनने वाले सामुदायिक भवनों का भूमिपूजन किया। बोबई में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में आमजन की समस्याएं सुनी एवं उनके उचित निराकरण हेतु निर्देश दिए। सरोज सिंह ने धामोनी तिराहा पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि इन सभी सामुदायिक भवनों का जब निर्माण हो जाएगा तो लोगों को सामाजिक कार्यक्रम करने में सुविधा होगी। इन सामुदायिक भवनों में आप शादी विवाह के कार्यक्रम भी कर सकेंगे और घराती व बारातियों के ठहरने की व्यवस्था हो जाएगी। इसके बनने से आपको पंडाल पर करने वाले खर्च से राहत मिलेगी। मंत्री भूपेन्द्र सिंह द्वारा किए गए विकास कार्यां के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

### होलसेल एजेंसियों का निरीक्षण

**दमोह, देशबन्धु।** डीओ खाद्य सुरक्षा प्रशासन राकेश अहिरवाल के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा अधिकारी माधवी बुधौलिया ने शहर में होलसेल फूड एजेंसियों का निरीक्षण किया। निरीक्षण कार्यवाही में न्यू किराना मार्केट स्थित रमेश कुमार संतोष कुमार से बृजवासी ब्रांड शुद्ध घी, परख ब्रांड शुद्ध घी, अरिहंत ब्रांड शुद्ध घी एवं अमूल ब्रांड शुद्ध घी एवं मीट मार्केट के सामने स्थित अमित किराना स्टोर से केशव ब्रांड शुद्ध घी, सहकार ब्रांड शुद्ध घी, कृति ब्रांड सरसों तेल एवं धरती मां ब्रांड मूंगवफली तेल के नमूनें जांच हेतु लिए। इन शुद्ध घी एवं खाद्य तेल के नमूनों को गुणवत्ता परीक्षण हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजा गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। फॉस्कोरिस एप्प की सहायता से खाद्य प्रतिष्ठान का ऑनलाइन निरीक्षण किया गया।

### हिन्दी दिवस पर श्यामलम् का वार्षिक आयोजन आज

**सागर, देशबन्धु।** राष्ट्रीय हिन्दी दिवस पर श्यामलम का दसवां वार्षिक आयोजन आज आर्ट्स एवं कामर्स कालेज के सभागार में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर आयोजित वार्षिक व्याख्यान माला के मुख्य वक्ता रायपुर छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ स्तंभकार व विचारक मूलत: मराठी भाषी साहित्यकार डॉ. चंद्रकान्त वाघ होंगे। इस वर्ष के गैर हिन्दी भाषी विद्वान को दिए जाने वाले हिन्दी सेवी सम्मान से उन्हें विभूषित किया जाएगा। स्वामी विवेकानंद विवि के कुलाधिपति डॉ. अजय तिवारी के मुख्य आतिथ्य एवं डॉ. संजीव दुबे प्राचार्य के विशिष्ट आतिथ्य में होने जा रहे इस समारोह की अध्यक्षता विश्वविद्यालय में हिन्दी विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रो. सुरेश आचार्य करेंगे। इस वर्ष के पं. श्याम मनोहर गोस्वामी स्मृति मानस मर्मज्ञ सम्मान से नगर के वरिष्ठ चिकित्सक मानस मर्मज्ञ डॉ. बीके मिश्रा को तथा स्व. वर्षा सिंह स्मृति हिन्दी रचनाकार सम्मान से इंक मीडिया पत्रकारिता इंस्टीट्यूट के निदेशक, लेखक व पत्रकार डॉ. आशीष द्विवेदी को सम्मानित किया जाएगा।

## मंत्री भूपेंद्र सिंह ने 2.70 करोड़ के कार्यों का लोकार्पण, भूमिपूजन किया

### सभी क्षेत्र वासियों को प्रधानमंत्री की सभा के लिए न्यौता दिया



**मालथौन, देशबन्धु।** मंत्री भूपेंद्र सिंह ने यहां दो पृथक समारोहों में कुल 2.70 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। मालथौन नगर परिषद क्षेत्र में 1.20 करोड़ की लागत से बन रहे सीसी रोडों व पं दीनयाल रसोई केंद्र हेतु नवीन टीन शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। वार्ड क्र. 11 बेसरा में 1.50 करोड़ की लागत के विभिन्न वार्डों के रोड और नवीन बसस्टैंड के शेड का लोकार्पण किया। मालथौन, बेसरा व कुंवरपुरा में अनेक नये कार्यों की स्वीकृति दी। मंत्री श्री सिंह ने सभी क्षेत्रवासियों को आज 10 बजे के पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम में बीना पहुंचने का आह्वान किया। बताया कि बीना में 50 हजार करोड़ रुपए से पेट्रो केमिकल्स कॉम्प्लेक्स का शिलान्यास करने आ रहे हैं। इससे पेट्रोलियम से निकलने वाले सहउत्पादों जैसे फाइबर, प्लास्टिक आदि के बीना, खुरई, मालथौन क्षेत्र में हजारों कारखाने लगेंगे। मुख्यमंत्री ने सागर, मालथौन, खुरई, बीना तक औद्योगिक कारीडोर की घोषणा कर रहे हैं। यहां जितनी भी बड़ी सरकारी जमीनें हैं उन्हें बड़े छोटे उद्योगों के लिए आरक्षित कर देंगे। इनमें मुफ्त प्लाट उद्योगों के लिए आरक्षित होंगे। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि दो दिन बाद मालथौन में एक सरकारी सेक्टर के बड़े होटल का भूमिपूजन करेंगे ताकि उद्योगपतियों व अधिकारियों को ठहरने की अच्छी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। अपने उद्बोधन में बेसरा में सीएम राईज स्कूल खोलने, हायर सेकंडरी स्कूल में परीक्षा सेंटर खुलवाने का एलान किया और कंप्यूटर लैब स्वीकृत किया। बेसरा बस स्टैंड पर लाईट व वॉटर कूलर सहित यात्री प्रतीक्षालय, बस स्टैंड से बेसरा ग्राम तक सीसी रोड, बेसरा से गौधा धाम तक सड़क, 10 बिस्तरों का उपस्वास्थ्य केंद्र, बेसरा नदी पर चेक डेम, सर्व समाज हेतु धर्मशाला निर्माण, बेसरा चौकी के पास जिम व बच्चों का पार्क, बेसरा व कुंवरपुरा के कारस देव मंदिर, हनुमान जी मंदिर निर्माण व धर्मशाला, माता के मंदिर का निर्माण कार्य स्वीकृत किया। बेसरा में स्टेडियम के लिए फॉरेस्ट की जमीन स्थानांतरित कराने की कार्यवाही प्रारंभ करने के निर्देश सीएमओ को दिए। कार्यक्रम में गेंदाबाई व मालती बाई को संबल योजना के तहत दो-दो लाख रूपए की राशि के चेक भेंट किए। चांदनी नामदेव को अनुकंपा नियुक्ति का पत्र सौंपा।

## सार समाचार

### यशवंत बने विश्वविद्यालय के कुलसचिव



**छतरपुर, देशबन्धु।** उच्च शिक्षा विभाग ने 13 सितम्बर को एक आदेश जारी करते हुए अटल बिहारी बाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय के उप कुलसचिव को स्थानांतरित करते हुए छतरपुर के महाराजा छत्रसाल बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय का प्रभारी कुलसचिव नियुक्त कर दिया है। गौरतलब है कि अब तक विजय कुमार तिर्की इस विश्व विद्यालय के प्रभारी कुलसचिव थे उनके स्थान पर अब यशवंत सिंह पटेल उक्त जिम्मेदारी संभालेंगे।

### छात्रो के बीच हुई वाद-विवाद प्रतियोगिता



**छतरपुर, देशबन्धु।** नगर पालिका के द्वारा सागर रोड स्थित मोतीलाल नेहरू विधि महा विद्यालय में मतदाता जागरूकता अंतर्गत वाद–विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें एलएलबी का कोर्स कर रहे छात्र–छात्राओं के द्वारा उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।

नपाध्यक्ष ज्योति चौरसिया एवं सीएमओ माधुरी शर्मा के निर्देशन में मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का अयोजन कर सभी को मतदान करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में लॉ कॉलेज में वाद–विवाद प्रतियोगिता आयोजित कर छात्रो से मतदान करने और मतदान न करने से होने वाले फायदे और नुकसान के बारे अपने विचार व्यक्त किए। इस प्रतियागिता में पक्ष और विपक्ष से प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर आने वाले प्रतिभागियों को नगर पालिका के द्वारा पुरुष्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। इस मौके पर कीर्ति विश्वकर्मा, देव पचौरी, रामसिंह राय ने निर्णायक की भूमिका निभाते हुए पक्ष और विपक्ष पर अपने विचार व्यक्त कर प्रथम और द्वितीय स्थान पर आने वाले राधा सिंह, रोहणी दुबे, हीरा अहिरवार और मोहनी पटैरिया के नामो की घोषणा की इन विजेता प्रतिभागियों को नगर पालिका के द्वारा पुरुष्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। इस मौके परकॉलेज स्टॉफ के साथ बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं मौजूद रही।

### किराना दुकान पर छापा, एक्सपायरी डेट की खाद्य सामग्री बरामद



**छतरपुर, देशबन्धु।** शहर के महोबा रोड पर स्थित एक किराना दुकान से एक्सपायरी डेट की खाद्य सामग्री का विक्रय किया जा रहा था, जिसकी शिकायत खाद्य सुरक्षा अधिकारी से की गई। शिकायत मिलने के बाद खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने संबंधित दुकान पर छापामार कार्यवाही करते हुए एक्सपायरी डेट की सामग्री के सैंपल लेकर उसे नष्ट कराया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी वंदना जैन ने बताया कि महोबा रोड पर प्रकाश ढाबा के संचालित साहू ब्रदर्स नामक किराना दुकान से एक्सपायरी डेट की खाद्य सामग्री विक्रय किए जाने की शिकायत उन्हें प्राप्त हुई थी। उक्त शिकायत के आधार पर उन्होंने साहू ब्रदर्स किराना दुकान पर छापामार कार्यवाही की। जांच के दौरान दुकान में एक्सपायरी डेट की सामग्री पाई गई, जिसके सैंपल लेने के उपरांत नगर पालिका के सहयोग से खराब सामग्री को नष्ट करा दिया गया है। सैंपल को जांच के लिए भेजा गया है, जिसकी रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी।

### शराबी पार कर रहा था बाइक, पुलिस ने खदेड़ा

**नौगांव, देशबन्धु।** नगर के बस स्टैंड पर बने अस्पताल शांति मेडिकोज जो मिश्रा जी के अस्पताल के नाम से जाना जाता है अस्पताल के बाहर सभी स्टाफ की गाड़ियां खड़ी रहती है मेडिकल स्टोर के संचालक की गाड़ी पर हाथ साफ कर शराबी ले जा रहा था बगल के दुकानदार ने देख लिया और अस्पताल के अंदर सूचना दी तब सभी लोग दौड़े बाहर आये और मोटर साईकिल छुडाई फिर भी शराबी छोड़ने तैयार नही था कह रहा मेरी है तत्काल बस स्टैंड पुलिस चौकी पर तैनात ट्राफिक कर्मी को बुलाया गया।

## अधिक रिक्त सीटें होने पर 5 छात्रावास अधीक्षकों को थमाया नोटिस

# कलेक्टर का फरमान अधीक्षक बच्चों से अच्छा व्यवहार करें

- बच्चों को कैरियर मार्गदर्शन देने के निर्देश



**छतरपुर, देशबन्धु।** कलेक्टर संदीप जी.आर. की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष छतरपुर में अनुसूचित जाति एवं जनजातीय कार्य विभाग की संचालित योजनाओं एवं छात्रावासों और आश्रमों के सुदृढ़ीकरण व व्यवस्थाओं के संबंध में समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती तपस्या परिहार, विभाग की संयोजक डॉ प्रियंका राय सहित एमपीईबी, पीडब्ल्यूडी, हाउसिंग बोर्ड के अधिकारी सहित नोडल छात्रवृत्ति और छात्रावासों के अधीक्षक उपस्थित रहे।

बैठक में पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति, छात्रावासों में बच्चों की उपस्थित एवं रिक्त सीटों की समीक्षा सहित अंतर्जातीय विवाह, पीएम आदर्श ग्राम, भगवान बिरसा मुण्डा स्वरोजगार, टंट्या मामा अर्थिक कल्याण एवं बस्ती विकास योजना की समीक्षा की गई।

कलेक्टर श्री जी.आर. ने छात्रावासों में बच्चों की उपस्थित की समीक्षा में निर्देशित किया कि सीटें रिक्ट न रहें। ग्रामों में जाएं और बच्चों एवं उनके अभिभावकों को प्रेरित कर बच्चों को प्रवेश दें। साथ ही प्रोत्साहित करने के लिए कैंपेन चलाने के निर्देश दिए। जिन छात्रावासों में अधिक रिक्त सीटें हैं और वहां के अधीक्षकों की एक माह के वेतन काटने सहित कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही मीटिंग में अनुपस्थित रहे उन्हें भी नोटिस जारी करने निर्देशित किया।

कलेक्टर ने हॉस्टलों में सामग्री की आवश्यकताओं के पूर्ति के लिए अधीक्षको को जानकारी भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा बच्चों के साथ अच्छा व्यवहार रखें उनके साथ प्रतिदिन भोजन करें। जिला संयोजक को निर्देश दिए कि कुछ अच्छे हॉस्टलों को चिन्हित कर मॉडल बनाएं।

जिन छात्रावासों से जो बच्चें पढ़कर अच्छी जॉब में हैं उनको बुलाएं और बच्चों से संवाद स्थापित कराएं। साथ ही अधीक्षक भी बच्चों को कैरियर के बारे में गाइड करते हुए हौनहार बच्चों को चिन्हित करें। जिन बच्चों के जाति प्रमाण पत्र नहीं है उनकी सूची तत्काल एसडीएम के पास भेंजे। कलेक्टर ने आधार कार्ड बनने में समस्या आने पर किशनगढ़ में ई–गवर्नेंस प्रबंधक को मौके पर जाकर समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए।

**बच्चों को मिलेगी फाइनेंसियल जानकारी, रसोईयों की ट्रेनिंग कराने के निर्देश :** कलेक्टर ने पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के संबंध में नोडल को लंबित फॉर्म को अगले 7 दिन में सत्यापन करने के निर्देश दिए। साथ ही छतरपुर शहर के पोस्ट मै. महा.वि. छात्रावास को 500 सीट में अपडेट करने का प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने बच्चों को मीनू के हिसाब से मिल रहे भोजन की समीक्षा में निर्देशित किया कि रसोईयों को खजुराहो में स्थित होटल टेऊनिंग संस्थान में टेऊनिंग कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा बच्चों को दिए जाने वाला भोजन पोषण युक्त और स्वादिष्ट बनाया जाए। उन्होंने सीईओ जप एवं सचिवों को निर्देशित किया कि जिन्होंने अंतर्जातीय विवाह किया है उन्हें योजना का लाभ दिलाने के लिए आवेदन करवाएं।

कलेक्टर ने बच्चों को फाइनेंसियल जानकारी देने के लिए कैम्प आयोजित कर बैंकर्स द्वारा वित्तीय जानकारी, लेन देन, एवं पैसों को खर्च करने के सही तरीकों के बारे जानकारी देने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा हम हमारी जिम्मेदारी को समझकर कार्य करें और बच्चों को सफलता के उच्च शिखर तक पहुंचाने मे मददगार बनें।

**अधिक रिक्त सीटें होने और बैठक में अनुपस्थित रहने पर इन्हें मिला नोटिस :** कलेक्टर की अध्यक्षता में सम्पन्न समीक्षा बैठक में जिन छात्रावासों में अधिक रिक्त सीटें होने और संबंधित के बैठक में अनुपस्थित रहने पर कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए 1 माह का वेतन काटने और कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा इनके द्वारा बच्चों को प्रवेश देने में रूचि नही ली गई। यह गंभीर लापरवाही है। इन पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की जाएगी।

उर्मिला अहिरवार अधीक्षक अनु. जाति उत्कृष्ट छात्रावास गौरिहार, प्रमेश प्रजापति जूनियर बालक छात्रावास गौरिहार, उमा रिछारिया, जूनियर कन्या छात्रावास ईशानगर, इन्द्रपाल अहिरवार अधीक्षक जूनियर बालक छात्रावास लुगासी एवं शिवकुमारी तिवारी आदिम जाति आश्रम किशनगढ़ अधीक्षक को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।

## हड़ताली पटवारियों के तम्बू में पहुंचे विधायक



**छतरपुर, देशबन्धु।** विगत 28 अगस्त से हड़ताल पर चल रहे पटवारियों ने बुधवार को शहर के बेहर के हनुमान जी मंदिर से पीतांबरा माता मंदिर तक विशाल चुनरी यात्रा निकाली। चुनरी यात्रा में पटवारियों के अलावा शहरवासियों ने भी भाग लिया। वहीं सदर विधायक आलोक चतुर्वेदी भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने पटवारियों की मांग का समर्थन करते हुए कांग्रेस की सरकार बनने पर उनकी मांग को पूरा कराने का भरोसा दिया है।

मध्यप्रदेश पटवारी संघ के जिलाध्यक्ष रामनारायण तिवारी ने बताया कि वर्ष 2007 में मुख्यमंत्री ने पटवारियों का ग्रेड–पे, वेतनमान बढ़ाने का भरोसा दिया था लेकिन आज तक उस पर अमल नहीं हो सका है। लगभग 25 वर्षो से प्रदेश के पटवारी अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करते आ रहे हैं। हर बार सरकार आश्वासन देकर पटवारियों को शांत करा देती है। उन्होंने बताया कि प्रांतीय आवाहन पर की जा रही इस हड़ताल के दौरान पटवारी हर रोज एक गतिविधि का क्रियान्वयन करते हैं, उसी क्रम में आज चुनरी यात्रा निकाली गई है।

### कांग्रेस के वचन पत्र में शामिल होगी पटवारियों की मांग : आलोक चतुर्वेदी



चुनरी यात्रा में शामिल होने पहुंचे सदर विधायक आलोक चतुर्वेदी ने पटवारियों की मांग का समर्थन करते हुए कहा कि पटवारी समाज की वह धुरी है, जो गांव–गांव जाकर लोगों की समस्या को हल करते हैं और लोगों की मदद के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। पटवारियों द्वारा की जा रही ग्रेड–पे और वेतनमान की मांग जायज है और वे आज ही पटवारियों के ज्ञापन को अपने नेता कमलनाथ तक भेजकर उनसे आग्रह करेंगे कि पटवारियों की इस मांग को कांग्रेस के वचन पत्र में शामिल किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि यदि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनती है तो पहली कैबिनेट में ही पटवारियों की मांग को पूरा कराया जाएगा और पुरानी पेंशन को भी बहाल किया जाएगा। विधायक श्री चतुर्वेदी ने कहा कि पटवारियों की इस लड़ाई में वे उनके साथ हैं।

## 3 दुकानों पर एक साथ जीएसटी का छापा, व्यापारियों में हड़कंप



**छतरपुर, देशबन्धु।** बुधवार एक साथ तीन व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर जीएसटी के छापे से व्यापारियों में हड़कंप की स्थिति निर्मित हो गई गायत्री मंदिर के पास स्थित भगत जी ट्रेडर्स, लक्ष्मी इंटरप्राइजेज और गुप्ता इंटरप्राइजेज के नाम से एक साथ तीन फार्मो पर यह छापामार कार्रवाई की गई। जीएसटी टीम के 17 सदस्यों द्वारा एकसाथ मारे गए इस छापे से बाजार के व्यापारियों में हड़कंप की स्थिति निर्मित हो गई और कई दुकानदार अपने व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद करके घर लौट गए। पता चला है कि गुप्त सूचना और शिकायतों के आधार पर एंटी इवेजन ब्यूरो सतना की टीम ने यह बड़ी छापामार कार्रवाई की है। आज दोपहर तकरीबन डेढ़ बजे 17 लोगों की भारी भरकम टीम ने यह जीएसटी की छापा मार कार्रवाई की। एक साथ तीनों फर्मों पर छापा मार कार्रवाई की गई और यह प्रक्रिया अभी बिल्कुल शुरुआती दौर में है यह छापामार कार्रवाई लगातार तब तक चलेगी जब तक की जीएसटी की टीम को सभी संबंधित दस्तावेज मुहैया न हो जाए। इस मौके पर सतना से आए एंटी इवेजन ब्यूरो के असिस्टेंट कमिश्नर विवेक कुमार दुबे ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया शिकयत पर कार्रवाई की जा रहे है।

यह सभी व्यापारिक प्रतिष्ठान साड़ी और कपड़ों से संबंधित है जो बड़े स्तर पर छतरपुर में होलसेल का व्यापार करते हैं। साकेत गुप्ता और उनके परिवार द्वारा यह तीनों फॉर्मे संचालित की जाती की जा रही है। पता चला है कि एंटी इवेजन ब्यूरो सतना की टीम को कुछ गुप्त जानकारियां प्राप्त हुई थी जिनके आधार पर एंटी इवेजन ब्यूरो सतना की इस जीएसटी टीम ने एक साथ तीनों फॉर्म पर छापा मार कार्यवाही की। आपको बता दे कि यह छापा मार करवाई मध्य प्रदेश माल सेवा अधिनियम 67 के तहत प्रदेश के कमिश्नर और संयुक्त आयुक्त के निर्देशन में की गई है। फिलहाल यह कार्रवाई लगातार जारी है और देर रात तक इसके चलने की संभावना है। कार्रवाई के दौरान ट्रेडिंग अकाउंट स्टॉक वह अन्य जानकारियां इकट्ठी की जा रही है और पूरी कार्रवाई होने में अभी वक्त लग सकता है फिलहाल हम यह कह सकते हैं कि जीएसटी टीम की इस बड़ी छापा मार कार्रवाई के बाद छतरपुर के व्यापारियों में हड़कंप की स्थिति निर्मित हो गई है।

## जब हमारा बूथ मजबूत होगा तभी भाजपा मजबूत होगी : ललिता



**भाजपा प्रत्याशी ने अतनियां व पुरवा में ली बूथ समिति की बैठक**

**छतरपुर, देशबन्धु।** जब हमारा बूथ मजबूत होगा तभी भाजपा मजबूत होगी और प्रदेश व देश में भाजपा की जनहितैषी सरकार होगी। यह बात आज भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष, पूर्व मंत्री और छतरपुर विधानसभा क्षेत्र की भाजपा प्रत्याशी श्रीमती ललिता यादव ने विधानसभा क्षेत्र के ग्राम अतनियां व पुरवा में बूथ समिति की बैठक में कही।

भाजपा प्रत्याशी श्रीमती ललिता यादव ने कहा कि आप सब दिन–रात मेहनत कर पार्टी को मजबूत बनाते है इसलिए भाजपा की केन्द्र सरकार के मुखिया प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समाज के अंतिम पंक्ति तक विकास कर सबको योजनाओं से लाभ दिला रहे हैं। प्रदेश में शिवराज सिंह चौहान ने जहां अनेक लोकहितकारी योजनाओं से समाज के हर वर्ग को लाभ दिलाने का प्रयास किया और लाड़ली बहना ने तो समाज में महिलाओं में एक नई ऊर्जा भरकर सामाजिक क्रांति ला दी है। हमारी लाड़ली बहना काम करके परिवार की स्थिति सुदृढ कर ही रही थी अब वह इस योजना से स्वयं भी आर्थिक रूप से मजबूत हो रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार मुफ्त राशन, मुफ्त आवास तो दे ही रही है युवाओं को सीखो कमाओ योजना से आगे बढ़ाने के लिए स्किल्ड कर रही है और उन्हें सीखने के 8 से 10 हजार रुपए तक दे रही है। इससे हमारे युवा साथी ट्रेंड होकर बेहतर रोजगार से जुड़ सकेंगे। भाजपा प्रत्याशी श्रीमती ललिता यादव ने कहा कि वह तो सेवक है और सबके लिए हमेशा तत्पर रहती है। इस दौरान बूथ समिति के सभी सदस्यों ने हाथ उठाकर भाजपा को मजबूत करने में कोई कसर न छोड़ने का संकल्प लिया।

### टीबी के मरीजों को आहार किट का वितरण किया




**छतरपुर, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश के राज्यपाल के आवाहन पर समाजसेवी संस्था हम फाउण्डेशन द्वारा पूरे प्रदेश में अक्षय मित्र योजना के अंतर्गत टीबी के मरीजों को आहार किट का वितरण किया जा रहा है। हम फाउण्डेशन की जिला इकाई भी पिछले 6 माह से यह सराहनीय कार्य कर रही है जिसके लिए गत रोज जिला अस्पताल प्रबंधन द्वारा जिला इकाई के पदाधिकारियों और सदस्यों का सम्मान किया गया।

हम फाउण्डेशन के जिलाध्यक्ष प्रवीण गुप्त ने बताया कि गत रोज जिला इकाई के संरक्षक मनीष दोसाज के नेतृत्व में प्रांतीय कार्यवाहक अध्यक्ष कोमल टिकरया, आनंद अग्रवाल, रवि नीखरा, डॉ स्वतंत्र शर्मा, महिला इकाई की जिलाध्यक्ष श्रीमती रूबी टिकरया ने जिला अस्पताल के क्षय केन्द्र पहुंचकर मरीजों को आहर किट का वितरण किया। तदुपरांत सीएमएचओ डॉ लखन तिवारी, क्षय रोग विशेषज्ञ डॉ शरद चौरसिया, डॉ राजकुमार अवस्थी जो कि हम फाउण्डेशन के सदस्य भी हैं, आदि ने हम फाउण्डेशन की जिला इकाई को स्मृति चिन्ह प्रदान कर संस्था द्वारा किए जा रहे कार्यों की मुक्त कंठ से सराहना की। इस मौके पर संरक्षक मनीष दोसाज ने कहा कि समाज को जागरुक कर गंभीर बीमारियों से उन्हें सचेत करना चाहिए साथ ही अधिक से अधिक अक्षय मित्र बनाने के लिए प्रयास करना चाहिए। वहीं जिलाध्यक्ष प्रवीण गुप्त ने कहा कि सरकार के प्रयास से टीबी जैसी गंभीर बीमारी को जड़ से मिटाने के प्रयास किए गए हैं।

## मुख्यमंत्री ने अध्यापकों को दिया आश्वासन



**छतरपुर, देशबन्धु।** अध्यापक संवर्ग से राज्य शिक्षा सेवा में शामिल हुए शिक्षक लंबे समय से क्रमोन्नति, पदोन्नति, अनुकंपा नियुक्ति, वरिष्ठता सहित पुरानी पेंशन की मांगों को लेकर लंबे समय से धरना प्रदर्शन करते आ रहे हैं। लेकिन मांगों का निराकरण न होने से इन शिक्षकों में आक्रोश व्याप्त है। आजाद अध्यापक शिक्षक संघ, राज्य शिक्षक संघ, शासकीय शिक्षक संघ सहित पांच संघों ने संयुक्त मोर्चा बनाकर आंदोलन की रणनीति बनाई है। जिसके तहत बीते रविवार को राजधानी भोपाल में संयुक्त मोर्चा के बैनर तले हजारों शिक्षकों ने धरना दिया। आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अनुपम त्रिपाठी ने बताया कि शाम को मुख्यमंत्री निवास पर मोर्चा के पदाधिकारियों को वार्तालाप के लिए बुलाया गया। मोर्चा की ओर से भरत पटेल, राकेश दुबे, जगदीश यादव, मनोहर दुबे एवम् राकेश नायक ने सीएम हाउस पहुंचकर सीएम शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात की और अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा। मुलाकात के बाद सीएम ने आश्वासन दिया कि क्रमोन्नति, वरिष्ठता आदि मांगों का निराकरण एक सप्ताह में कर आदेश जारी कर दिए जाएंगे।

धरना प्रदर्शन में प्रदेश भर से आए करीब पंद्रह हजार शिक्षक शामिल हुए। जिसमे महिला शिक्षकों की संख्या भी अधिक रही।

### आम का फल देख बढ़ा कोतुहल

**नौगांव, देशबन्धु।** मौसम लगातर हर वर्ष कुछ ना कुछ बदलाव अवश्य ला रहा जिसका सीधा प्रभाव धरती पर पड़ता है और वर्षा हो या खेती हो सबका समय बदल रहा है यह प्रकृति में दिखने लगा है या फिर इसे कुदरत का करिश्मा माने या नाराजगी कहे क्योकि हर मौसम का समय निर्धारित था पर अब वह सब बदला हुआ लग रहा है और दिख भी रहा। नगर के अरविंद आश्रम के पास वार्ड नम्बर 4 में निवासरत पूर्व आर आई राजबहादुर खरे का निवास स्थान है उन्होंने अपने मकान निर्माण के दौरान बाउंड्री में कुछ वृक्षारोपण किया था उसमें एक आम का पेड़ भी है चूंकि गर्मी के सीजन में आम के फल हुए सभी ने फल खाये चूंकि सितम्बर का महीना चल रहा बुन्देलखण्ड में आम की फसल लगभग जुलाई में खत्म हो जाती है मगर खरे के आम के पेड़ में अभी भी फल आ रहे है जो देखने वालों के लिए कौतुहल बन गया है।

## उद्यमिता प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन

# औषधीय पौधों के संरक्षण और खेती का बताया महत्व



*छतरपुर, देशबन्धु। श्री कृष्णा विश्वविद्यालय में आयोजित त्रिदिवसीय उद्यमिता प्रशिक्षण कार्यक्रम के आज समापन दिवस पर मुख्य वक्ता डॉ. अनामिका त्रिपाठी प्राध्यापक व विभागाध्यक्ष वनस्पति विज्ञान विभाग, हिन्दू कॉलेज मुरादाबाद रहीं। कार्यक्रम के प्रारम्भ में मुख्य वक्ता एवं उपस्थित अथितियों का स्वागत कृषि संकाय के संकायाध्यक्ष डॉ. आकाश सिंह ने किया और प्रस्तुत विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि औषधीय पौधों का उपयोग अनेक रोगों को ठीक करने में किया जाता है जैसे- मिर्गी, पागलपन, मंदबुद्धि, वात, गठियावात, पेट दर्द आदि में किया जाता है। औषधीय पौधे मलेरिया, त्वचा रोग आदि में भी लाभकारी है।*

*मुख्य वक्ता डॉ.अनामिका त्रिपाठी ने औषधीय पौधों के संरक्षण और खेती को बढ़ावा मिले इस सन्दर्भ में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि प्राकृतिक उत्पादों के प्रति लोगों की बढ़ती रूचि के परिणामस्वरूप औषधीय पौधों का अंतरराष्ट्रीय बाजार में महत्व बढ़ा है। औषधीय पौधे स्वदेशी चिकित्सा पद्धति के लिए प्रमुख संसाधन हैं। आयुष प्रणालियों की राष्ट्रीय और विश्व स्तर पर पहुंच और स्वीकार्यता, गुणवत्तापूर्ण औषधीय पौधों पर आधारित कच्चे माल की निर्बाध उपलब्धता पर निर्भर है, जिससे औषधीय पौधों का व्यापार निरन्तर बढ़ रहा है। औषधीय पौधों एवं संबंधित गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए केन्द्र एवं राज्य सरकारें कई उपयोगी कदम उठा रही है. इसके अंतर्गत आयुर्वेदिक दवाओं के निर्माण के लिए आर्थिक आवश्यकताओं और औषधीय पौधों की सुगम उपलब्धता पर बल दिया जा रहा है।*

*फार्मेसी विभाग के प्राचार्य डॉ. आनंद चौरसिया ने अपने वक्तव्य में कहा कि हमारे आस पास कई औषधि पौधे बिखरे पड़े हैं, कोई पहाड़ पर तो कोई नदियों, मैदानों पर तो कुछ फसलों में खरपतवार के रूप में, लेकिन शायद पहचान और जानकारी न होने के कारण हम उनके गुणों से अनजान होते हैं।*

*वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. बी.एस. राजपूत ने अपने वक्तव्य में कहा भारत में औषधीय उपयोग का इतिहास बहुत पुराना है ईसा पूर्व 4500 से 1600 की अवधि में भी पेड पौधों से औषधियां प्राप्त करने का उल्लेख मिलता है। औषधीय उपयोग का वर्णन ऋग्वेद में भी मिलता है इसके लिए आयुर्वेद नामक विद्या और तत्संबंधित साहित्य भी उपलब्ध है।*

*विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. ब्रजेन्द्र सिंह गौतम, चेयरमैन डॉ. पुष्पेंद्र सिंह गौतम उपकुलपति गिरीश त्रिपाठी एवं कुलसचिव विजय सिंह ने सफल आयोजन के लिए कृषि संकाय के समस्त प्राध्यापको की प्रशंसा की। इस कार्यक्रम में कृषि संकाय के सहायक प्राध्यापक शिवम नायक, अंशुल प्रताप सिंह, संतोष पटेल, राहुल दीक्षित, कुलदीप सिंह, पंकज सुल्लेरे के साथ अन्य विभागों से डॉ. बी.एस राजपूत, डॉ.आनन्द चौरसिया, डॉ. आशीष कुमार तिवारी, डॉ. प्रणती चतुर्वेदी डॉ.अलोक पाण्डेय, डॉ. दिगंत द्विवेदी, डॉ. शिवेंद्र परमार, नीलेश अनुरागी, दीपेंद्र सिंह, डॉ. गौरव स्वरूप निगम, डॉ. कृष्ण प्रताप सिंह, गुलाब पटेल, चंद्रदीप सिंह तथा कृषि संकाय के समस्त छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे। मंच संचालन कृषि संकाय की छात्रा कु. अंशिका चतुर्वेदी एवं कु. आरीफा सिद्दीकी ने किया तथा आभार कृषि संकाय के संकायाध्यक्ष डॉ. आकाश सिंह ने व्यक्त किया।*

सागर, गुरुवार 14 सितम्बर 2023
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## अपराधियों से मुक्त संसद दूर की कौड़ी

स्वस्थ लोकतंत्र का आधार साफ-सुथरे चरित्र के जनप्रतिनिधि होते हैं। प्राचीन काल से अब तक यह मान्यता है कि जो भी व्यक्ति ऊंचे ओहदे पर बैठा हो, उसका चरित्र और व्यवहार बेदाग हो। आपराधिक पृष्ठभूमि के व्यक्तियों से न तो कानूनों के निर्माण में ईमानदारी बरतने की उम्मीद की जा सकती है और न ही उसके क्रियान्वयन की। अगर वे देश की सबसे ऊंची पंचायत यानी संसद में बैठे हों जहां से देश की तमाम गतिविधियों का संचालन होता हो, तो उनके निर्मल व उज्ज्वल चरित्र की अपेक्षा सर्वाधिक होना अपेक्षित ही है। किसी भी देश की परिस्थितियों का निर्धारण संसद में जनता की नुमाइंदगी करने वालों के चरित्र से होता है। देश व समाज को दिशा देने वाले तथा उसकी नियति तय करने वाले ही अगर भ्रष्ट हों तो, हत्यारे हों, अपहरणकर्ता हों तो वे कैसा समाज बनायेंगे, इसकी सहज ही कल्पना की जा सकती है।

भारत की मौजूदा दुर्दशा के अनेक कारण गिनाये जा सकते हैं लेकिन उनमें से एक प्रमुख कारण यह है कि हमारी संसद अपराधी तत्वों से भरी पड़ी है। दुनिया के विकसित एवं लोकतांत्रिक तौर पर परिपक्व राष्ट्रों की संसदों में चरित्रवान और कुशाग्र लोगों को भेजने की होड़ होती है। अपवाद स्वरूप कुछ लोग हो सकते हैं जो आपराधिक रिकार्ड के साथ संसद में जा बैठते होंगे, परन्तु भारतीय संसद में उनका जैसा बड़ा जमावड़ा है वह देश के लिये बहुत घातक है। कानून तोड़ने वाले और लोकतंत्र एक साथ नहीं चल सकते। जिस बड़े पैमाने पर अपराधी चुनकर संसद में बैठते हैं, अगर जनता की वही पसंद है तो कहा जा सकता है कि ऐसी जनता अपने ही पांवों पर कुल्हाड़ी मार रही है और उसे खुद के व अपनी भावी पीढ़ियों के लिये अच्छे भविष्य की उम्मीद नहीं करनी चाहिये।

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) और नेशनल इलेक्शन वॉच (एनईडब्ल्यू) की ताज़ा रिपोर्ट जो संकेत दे रही है, उससे ऐसी चिंता होनी स्वाभाविक है। यह रिपोर्ट लोकसभा व राज्यसभा की 776 सीटों में से 763 मौजूदा सांसदों के हलफनामों का अध्ययन कर तैयार की गई है जिनमें उन्होंने अपनी जानकारी चुनावी प्रपत्र के साथ प्रस्तुत की थी। लोकसभा की चार एवं राज्यसभा की एक सीट खाली है तथा जम्मू-कश्मीर की सीटों की स्थिति अभी साफ नहीं है। इसलिये इन सीटों के सांसदों का अध्ययन इस रिपोर्ट में शामिल नहीं है। जो जानकारी इन सांसदों ने दी है, उसके मुताबिक मौजूदा 763 सांसदों में से 306 के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें भी 194 के विरुद्ध प्रकरण गम्भीर किस्म के हैं जो हत्या, हत्या के प्रयास, अपहरण, महिलाओं के खिलाफ अपराध आदि से सम्बन्धित हैं। आपराधिक प्रवृत्ति के नेताओं का साम्राज्य एक तरह से देश भर में फैला हुआ है जिसके लिये राज्य और पार्टियों की कोई सीमाएं नहीं हैं। गम्भीर किस्म के आपराधिक रिकार्ड वाले सांसद अनेक राज्यों और ज्यादातर दलों के हैं। यानी हमाम में सारे नंगे हैं। पार्टीवार आपराधिक रिकार्ड के सांसद इस प्रकार हैं- भारतीय जनता पार्टी के 385 में 139 (36 प्रतिशत), कांग्रेस 81 में 43 (53 प्रश), तृणमूल कांग्रेस के 36 में 14 (39 प्रश), राष्ट्रीय जनता दल के 6 में 5 (83 प्रश), मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के 8 में 6 (75 प्रश), आम आदमी पार्टी के 11 में 3 (27 प्रश), वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के 31 में 13 और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के 8 में 3 (36 प्रश)।

यह किसी भी देश के लिये शुभ संकेत नहीं है। संसद को अपराधियों की शरण स्थली न बनाने के लाख दावों के बावजूद प्रमुख दल इसका पालन करते नहीं दिखते। एडीआर की ही पहले की एक रिपोर्ट में बतलाया गया था कि अपराधियों को राजनैतिक दल इसलिये टिकट देते हैं क्योंकि उनके जीतने की सम्भावना का प्रतिशत काफी अधिक होता है। फिर, यह ट्रेंड संसद तक ही सीमित नहीं है। राज्य स्तर पर विधानसभाओं और स्थानीय निकायों तक यही सिलसिला है तो ग्राम पंचायतों तक बदस्तूर कायम है। राजनीति में सारे हथकण्डों को जायज मान लेने का फैशन इस परम्परा को सघन कर रहा है। आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों के पास बाहुबल और धनबल का अभाव न होने से पार्टियां टिकट देने के मामले में उन्हें तरजीह देती हैं। इससे पार्टी नेतृत्व का काम हल्का हो जाता है। ऐसे उम्मीदवारों को मदद देने के मामले में संगठन चिंतामुक्त हो जाते हैं। वे जानते हैं कि ऐसे लोग अपना इंतज़ाम स्वयं कर लेंगे।

अनेक मायनों में ये बुरे वक्त के संकेत हैं। लोकतंत्र के लिये बड़ा आवश्यक है कि प्रतिनिधि सभाएं अपराधियों से पूर्णत: मुक्त हों ताकि वे जनहित में साफ-सुथरे व निष्पक्ष निर्णय लें। आपराधिक तत्वों का संसद या विधायिका में बैठने का मतलब होता है कि वे अपने गिरोहों और गैरकानूनी कामों के लिए संरक्षण प्राप्त करते हैं। निर्वाचित जनप्रतिनिधि के रूप में उनकी ताकत बेइंतिहा बढ़ जाती है। केन्द्र की हो या राज्य की सरकार, जिला प्रशासन हो या पुलिस प्रशासन- सारे उसके रूआब तले दबे रहते हैं। इसके कारण उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होती। या तो उनके विरुद्ध मामले वर्षों लम्बित रहते हैं या फैसला उनके पक्ष में होता है। हाल के वर्षों में कई ऐसे प्रकरण सामने आये हैं जिनमें कोई बलात्कार के आरोप से बेदाग छूटता है तो किसी में रिश्तेदार हत्या करके भी जेल जाने से बच जाते हैं। कभी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि वे ऐसी न्याय व्यवस्था चाहते हैं जिसमें इन सदनों में बैठे लोगों के आपराधिक प्रकरणों का निपटारा थोड़े दिनों में अनिवार्य रूप से हो सके। ऐसा तो नहीं हुआ, उलटे आपराधिक रिकार्डधारी जनप्रतिनिधि कहीं अधिक दिख रहे हैं।

# भाषा के स्तर पर हीनता का भाव

**दुनियादारी**

■ सर्वमित्रा सुरजन

8 से 10 तारीख तक जी-20 शिखर सम्मेलन कई कारणों से सुर्खियों में छाया रहा। आलीशान भारत मंडपम में एक रात की बारिश में पानी भर गया, गरीबों को छिपाने के लिए उन्हें उनके ही घरों में कैद कर, ऊपर से हरे पर्दे ढंक दिए गए, सड़क पर रहने वाले पशुओं को बेदर्दी के साथ बाड़ाबंद किया गया, सोने-चांदी के पानी चढ़े बर्तनों में मेहमानों को भोजन परोसा गया, सभी राष्ट्रों के मेहमान गांधी समाधि पर नमन करने गए और आखिर में चर्चा इस बात की भी रही कि दिल्ली घोषणापत्र पर आम सहमति बन गई। प्रधानमंत्री मोदी ने किस राष्ट्राध्यक्ष के साथ कितनी देर हाथ मिलाया, किसके साथ कैसी फोटो खिंचवाई, कौन आया, कौन नहीं आया, कोई नहीं आया तो उसके पीछे क्या कारण रहे, इन तमाम बातों पर भी चर्चाएं हुईं। इन सबके अलावा इंडिया हटाकर भारत कहने की मोदी सरकार की जिद भी जी-20 के मंच पर नजर आई। राष्ट्रपति के रात्रिभोज निमंत्रण पत्र में प्रेसिडेंट ऑफ भारत लिखा गया। प्रधानमंत्री मोदी के आगे प्राइम मिनिस्टर ऑफ भारत लिखा गया। भारत रोमन लिपि में लिखा गया, क्योंकि सभी विदेशी मेहमान देवनागरी से परिचित नहीं थे। उनके लिए इस देश का प्रचलित नाम इंडिया ही है, और इसमें कुछ असंवैधानिक नहीं है, क्योंकि इंडिया दैट इज़् भारत संविधान के पहले अनुच्छेद में ही लिखा गया है। लेकिन संविधान में लिखी बहुत सी बातों से भाजपा को जिस तरह आपत्ति है, उसी तरह इस बात से भी है। इंडिया को औपनिवेशिक दासता का प्रतीक बताया जा रहा है। लेकिन इस विरोध के पीछे ऐसा लग रहा है कि यह दासता का नहीं हीनताबोध का सवाल है। हीनता अंग्रेजी और हिंदी की तुलना को लेकर, हीनता चमड़ी के रंग को लेकर। इसलिए भारत में आज भी गोरेपन की क्रीम का विज्ञापन धड़ल्ले से होता है। पहले केवल लड़कियों के गोरेपन तक बात सीमित थी, अब लड़कों को भी गोरा दिखाने की चाहत पैदा हो गई है। विवाह के विज्ञापन में शादी योग्य लड़के या लड़की में योग्यता का पैमाना सुंदर और गोरे होने से भी तय होता है। इस हीनभावना को दूर किया जा सकता है, अगर हम अपनी खासियत पर ध्यान दें और उन कमजोरियों को दूर करने की कोशिश करें, जिनकी वजह से हम दुनिया के बाकी देशों से पिछड़े हुए हैं। सभी के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार की अच्छी व्यवस्था। देश के गांव-शहर साफ-सुथरे होना। काम और जाति के आधार पर किसी को छोटा या बड़ा न मानना। एक नागरिक के तौर पर अपने अधिकारों और कर्तव्यों के लिए जागरुक होना और समाज को भी जागरुक करना। इंसानों के साथ-साथ प्रकृति के अन्य जीवों, जंगलों, नदी-पहाड़ों का सम्मान करना। ऐतिहासिक धरोहरों को सहेजना। ऐसी बहुत सी छोटी-छोटी बातों पर मेहनत करके हम दुनिया में आगे निकल सकते हैं। लेकिन आगे निकलने की जगह हम पिछड़ा होने की हीनता में ही उलझे हुए हैं।

> **इस देश का प्रचलित नाम इंडिया ही है, और इसमें कुछ असंवैधानिक नहीं है, क्योंकि इंडिया दैट इज़् भारत संविधान के पहले अनुच्छेद में ही लिखा गया है। लेकिन संविधान में लिखी बहुत सी बातों से भाजपा को जिस तरह आपत्ति है, उसी तरह इस बात से भी है। इंडिया को औपनिवेशिक दासता का प्रतीक बताया जा रहा है। लेकिन इस विरोध के पीछे ऐसा लग रहा है कि यह दासता का नहीं हीनताबोध का सवाल है।**

इस हीनता को कभी विश्वगुरु के तमगे से हम दूर करना चाहते हैं और कभी अपने शहरों को विदेशी शहरों जैसा बनाने की चाहत से दूर करने की कोशिश करते हैं। हीनता का एक भाव भाषा के स्तर पर भी दिखाई देता है। इसका एक उदाहरण जी-20 में नजर आया।

अमेरिकी विदेशमंत्री की प्रवक्ता मार्गरेट मैकलियोड जी-20 के लिए दिल्ली पहुंची थीं और यहां उन्होंने कई लोगों से हिंदी में ही बातचीत की। इसके बाद तो मीडिया में सुश्री मैकलियोड की चर्चाएं होने लगीं। कई चैनलों में दिखाया गया कि वे कितनी धाराप्रवाह हिंदी बोल लेती हैं। हिंदी सीखने के बारे में मार्गरेट मैकलियोड ने बताया कि उन्होंने जब दिल्ली स्कूल ऑफ इकानॉमिक्स में दाखिला लिया था तो वहां तो अंग्रेजी बोली जाती थी, लेकिन हॉस्टल में सहेलियों के साथ बातचीत करते हुए उन्होंने हिंदी सीखी। मार्गरेट रिक्शेवालों के साथ भी हिंदी में बात करती थीं ताकि भाषा पर पकड़ मजबूत बने। मसूरी के एक संस्थान से उन्होंने हिंदी की शिक्षा ली, और व्याकरण मजबूत किया। इसके अलावा अमेरिका में हिंदुस्तानी समुदाय के बीच वे हिंदी में ही बातचीत कर अपनी भाषा को दुरुस्त करती हैं। हिंदी के अलावा मार्गरेट ने गुजराती भी सीखी थी, हालांकि अब वो अच्छे से बोल नहीं पाती हैं। इसके अलावा उर्दू और फ्रेंच भी उन्हें आती है।

मार्गरेट मैकलियोड पहली अमेरिकी नागरिक नहीं हैं, जिन्हें अच्छी हिंदी आती है या जिन्होंने शौक से हिंदी सीखी हो। न ही वे पहली विदेशी हैं, जिन्होंने हिंदी का ज्ञान प्राप्त किया है। आजादी से पहले भी और प्राचीन काल में जब हिंदी का खड़ी बोली वाला अस्तित्व नहीं था, लेकिन संस्कृत और अन्य प्राचीन भारतीय भाषाएं चलन में थीं, तब भी विदेशी अध्येता भारत आते थे और यहां की भाषायी विविधता के सागर में डुबकी लगाते थे। कितने प्राचीन ग्रंथों का अनुवाद अंग्रेजी समेत दूसरी विदेशी भाषाओं में हुआ है और इसी तरह विश्व साहित्य के अनूठे ग्रंथ भारतीय भाषाओं में अनूदित हुए हैं। भाषा और ज्ञान इसी तरह मिलजुल कर बांटने और प्रसारित करने से ही बढ़ता है। दुनिया सभ्यता के इस मुकाम तक पहुंची है तो इसके पीछे हमारे पुरखों की उदार दृष्टि ही रही है। लेकिन अब भाषा को संकुचित दायरे में बांधा जा रहा है।

अमेरिकी महिला की फर्राटेदार हिंदी पर लहालोट होने वाले लोग अपने आसपास नजर डाल कर देखें कि उनके घर-परिवार की नयी पीढ़ी के बच्चे कितनी हिंदी जानते हैं। कड़वी सच्चाई है कि बच्चे अब केवल मजबूरी में हिंदी पढ़ रहे हैं। दसवीं के बाद हिंदी की पढ़ाई अनिवार्य नहीं होती, तो बहुत से बच्चे हिंदी छोड़ देते हैं। स्कूलों में अंग्रेजी में बात करने की बाध्यता तो रहती ही है, अब कई घरों में मां-बाप बच्चों से अंग्रेजी में ही बात करते हैं, ताकि वो फर्राटेदार अंग्रेजी बोलें और समाज में उनकी हैसियत बने। हमारे बच्चे को तो हिंदी बिल्कुल आती ही नहीं, इस बात को अभिभावक गर्व से बताते हैं। उन्हें इस बात पर जरा शर्म महसूस नहीं होती कि अपने देश की सर्वाधिक प्रचलित भाषा से उनका बच्चा अनजान है। क्योंकि उन्हें इस बात का घमंड रहता है कि बच्चा अंग्रेजी अच्छे से बोल लेता है। ऐसे बहुत से लोग भाजपा की हिंदी भाषा में शिक्षण मुहिम के समर्थक होंगे, क्योंकि मेडिकल या इंजीनियरिंग की शिक्षा हिंदी में बांध देने को वो राष्ट्रवादी कर्तव्य मानेंगे। लेकिन यह कर्तव्य केवल साधारण लोगों के बच्चों के लिए रहेगा। जैसे बहुत से भाजपा नेताओं के बच्चे अंग्रेजी माध्यम में पढ़ाई कर, विदेश चले गए हैं, वही आकांक्षा उनके समर्थकों की भी रहती है।

बच्चों के अंग्रेजी पढ़ने या उनके बाहर जाकर उच्च शिक्षा हासिल करने में कोई बुराई नहीं है। लेकिन भाषा को सियासत का मसला बना देना बड़ी बुराई है। जी-20 से लेकर अब हिंदी दिवस तक यह बुराई देशप्रेम के नाम पर खूब फैलाई जाएगी। सरकारी खर्चे पर 15 दिनों का तमाशा हिंदी के विकास के नाम पर किया जाएगा। सरकारी संस्थानों में तरह-तरह के कार्यक्रम किए जाएंगे, ताकि हिंदी को बढ़ावा मिले। लेकिन एक अक्टूबर आते ही फिर हिंदी के विकास की मुहिम पटरी से उतर जाएगी।

# खतरे में आदिवासियों का अस्तित्व

■ बरखा लकडा

आज पूरे भारत में हर समाज अपनी जाति-व्यवस्था को बचाने के लिए संघर्ष कर रहा है। इनमें से एक आदिवासी समुदाय है जो खुद को हिन्दू नहीं, बल्कि आदिवासी मानता है। अगर आदिवासी खुद को हिन्दू नहीं मानते तो फिर इनका इतिहास क्या है? ये एक बड़ा सवाल है जिसका विश्लेषण तत्थ्यों के आधार पर किया जाना चाहिए।

जस्टिस पाजीटर का मानना है कि अनार्य तो आर्यो से भी प्राचीन हैं, उनके पहले के हैं जब भारत में आर्यों का जन्म भी नहीं हुआ था। ईसवी सन् से लगभग 2200 वर्ष पहले आर्य लोगों ने मध्य हिमालय के रास्ते से भारतवर्ष में प्रवेश किया था। आर्यों ने भारतवर्ष में आकर अनार्यों से संघर्ष किया और आर्य - अनार्य युद्ध को च्देवासुर संग्रामज की संज्ञा दी। उन्होंने अनार्यों को असुर और भारत में पहले से रह रहे लोगों को अनार्य कहा।

आर्यों -अनार्यों में मूल भेद यह था कि यूरेशिया से मध्य भारत में प्रवेश करने वाले आर्य शीत प्रधान भू-भाग के निवासी होने के कारण शरीर से गोरे, ऊंचे कद, लंबी नाक और भूरी आंख, भूरे बाल वाले थे, जबकि अनार्यों का कद छोटा, शरीर तथा बालों का रंग काला, नाक मोटी, होंठ मोटे तथा सिर गोल था। प्रथम वैदिक काल में दो ही वर्ग थे। पहला आर्य, दूसरा अनार्य। आर्यों ने अनार्यों को अपना शत्रु माना। आर्यों -अनार्यों की शारीरिक रचना, संस्कृति एक-दूसरे से बिलकुल भिन्न थी।

वैदिक काल भारत का सबसे प्राचीन काल है। उससे पहले का इतिहास क्रमबद्ध रूप से उपलब्ध नहीं है। वैदिक साहित्य में असुरों का नाम मिलता है जिन्हें आर्यों ने अनार्य माना है। विद्वानों का मत है कि अनार्य और असुर एक-दूसरे के पर्यायवाची हैं। अनार्य जिन्हें आस्ट्रेलाइड, द्रविडियन कहते हैं और जिसे वर्तमान में आदिवासी कहते हैं, असुरों की ही उत्पत्ति हैं। इस प्रकार अनार्य कौन हैं? इस प्रश्न के उत्तर में इतना पर्याप्त है कि अनार्य, असुर, द्रविडियन, आस्ट्रेलाइड एक ही वंश, नस्ल के भिन्न-भिन्न नाम हैं।

पंडित रघुनंदन प्रसाद शर्मा अपनी पुस्तक 'वैदिक सम्पति' में लिखते है कि 'उस समय भारत और आस्ट्रेलिया के बीच इतना बड़ा अन्तर नहीं था। लंका और मेडागास्कर की भूमि अधिक चौड़ी थी और भारत तथा आस्ट्रेलिया को जोड़ती थी तथा समस्त टापुओं में एक ही जाति निवास करती थी। आस्ट्रेलिया वालों की और भारतीय आस्ट्रेलाइड, द्रविडियन, भील, संथाल और कोल की भाषा एक सी थी। राहुल सांस्कृत्यायन ने लिखा है कि 'मोहनजोदड़ो और हड़प्पा का अन्तिम उत्कर्ष काल 2400 ईसा पूर्व माना गया है। उसके एक हजार साल बाद आर्यों का आगमन अनार्यों के भू-भाग में हुआ और कम-से-कम 300 वर्ष बाद वशिष्ठ, भारद्वाज, विश्वामित्र आदि ने अपनी रचना की।

लाला लाजपतराय अपनी पुस्तक 'भारतवर्ष का इतिहास' में लिखते हैं कि 'मेरे विचार से इस बात को ऐतिहासिक रूप से स्वीकार कर लेना चाहिए कि हिन्दू-आर्य भारत के मूल निवासी नहीं हैं। पंडित बाल गंगाधर तिलक अपनी पुस्तक 'आर्यन' में लिखते हैं कि आर्य लोग सबसे पहले उत्तरी-ध्रुव के रहने वाले थे। नेहरू ने 'पिता के पुत्र, पुत्री के नाम' पुस्तक में लिखा है कि 'आर्यों ने उत्तर की ओर से अनार्यों पर आक्रमण किया। इन आर्यों का मध्य एशिया में अवश्य ही बहुत बड़ा समूह रहता था।'

भारत के इतिहास में 'गोंण्डहवाना लैण्ड' का जिक्र है। भूतत्वविदों और ज्योतिर्विज्ञानियों ने 'गोण्डवाना लैण्ड' का नामकरण किया था। उस समय यह विशाल समूह इस भूमिखण्ड के मध्यभाग में निवास करता था। भारत आदिवासियों का देश है इससे इन्कार नहीं किया जाता, पर वर्तमान समय में भारत में मात्र 15 प्रतिशत भू-भाग में आदिवासियों का निवास रह गया है। भारत की जनगणना 1951 के अनुसार आदिवासियों की संख्या 9,91,11,498 थी जो 2001 की जनगणना में 12,43,26,240 हो गई। यह देश की जनसंख्या का 8.2 प्रतिशत है।

भारत में दिन-प्रतिदिन जनसंख्या की वृद्धि हो रही है, पर उसी रफ्तार से आदिवासियों की जनसंख्या कम हो रही है। विस्थापन के अलावा इसका सबसे बड़ा कारण आदिवासियों का दूसरे धर्मो में विलय हो जाना है, जबकि आदिवासी न धार्मिक समूह है और न ही यह 'वर्ण एवं जाति' व्यवस्था का हिस्सा है, बल्कि यह एक अलग नस्लीय समुदाय है। स्पष्ट है कि आदिवासी जन्मजात हिंदू नहीं है, बल्कि बड़े पैमाने पर उनका हिंदूकरण हुआ है जो अब भी जारी है। अब समय आ गया है, आदिवासी को 'संगठन' से ज्यादा 'संगठित' होने की जरूरत है।

भारत सरकार ने अपनी 'राष्ट्रीय आदिवासी नीति 2006' के प्रारूप में आदिवासी समूहों की संख्या 698 बताई है। 2011 की जनगणना में आदिवासी समुदायों की संख्या 705 बताई गई है। हर आदिवासी समुदाय में लगभग 10 से 15 संगठन हैं। यानि पूरे आदिवासी समुदाय में सात हजार से लेकर 15 हजार तक आदिवासी संगठन हैं। कई संगठनों का विचार दूसरे संगठनों के विचार से बिल्कुल अलग होता है जिससे दोनों संगठनों के बीच मनभेद और मतभेद की स्थिति बनी रहती है। अब वक्त आ गया है कि कुछ ऐसी 'सर्व आदिवासी सामुदायिक शक्ति' बने जिसमें आदिवासी कार्यकर्ता सभी आदिवासी समुदायों को इकट्ठा कर शक्ति का निर्माण करायें। इसमें समुदाय के विभिन्न क्षेत्रों एवं राज्यों में निवास करने वाले, विभिन्न आदिवासी समुदाय शामिल हों।

> **विकास के आंकड़ों पर अगर नजर डालें तो आदिवासी शिक्षा, स्वास्थ्य, आयु, जन्म के समय मृत्युदर, सालाना आय आदि कई मापदंडों पर नीचे के पायदानों पर पाये जाते हैं। इसके कारण बहुत सी बातों में आदिवासी शोषण के सहज ही शिकार बन जाते हैं। बड़े उपक्रमों के अलावा जहां कहीं भी छोटे शहर या कस्बों का दबाव बढ़ने लगता है, वहां आदिवासी विभिन्न भूमाफियाओं द्वारा प्रताड़ित किये जाते हैं और उन्हें लगातार अपनी जमीन से बेदखल होना पड़ता है।**

आज पूरे भारत में आदिवासियों की स्थिति बहुत नाजुक है। मणिपुर में हाहाकार मचा हुआ है। छत्तीसगढ़, झारखंड, उड़ीसा, मध्यप्रदेश आदि राज्यों के अनुसूचित इलाकों में आदिवासियों का लगातार पलायन और विस्थापन हो रहा है। आदिवासियों के पास पांचवीं अनुसूची 244(1), छठी अनुसूची 244(2), अनुच्छेद 371, 366(25), अनुच्छेद 275 (1) और च्संयुक्त राष्ट संघज द्वारा प्रदत्त 'आदिवासी दिवस 1994' हैं फिर भी पूरे भारत में 40 प्रतिशत आदिवासी विकास के नाम से विस्थापित हो चुके हैं।

विकास के आंकड़ों पर अगर नजर डालें तो आदिवासी शिक्षा, स्वास्थ्य, आयु, जन्म के समय मृत्युदर, सालाना आय आदि कई मापदंडों पर नीचे के पायदानों पर पाये जाते हैं। इसके कारण बहुत सी बातों में आदिवासी शोषण के सहज ही शिकार बन जाते हैं। बड़े उपक्रमों के अलावा जहां कहीं भी छोटे शहर या कस्बों का दबाव बढ़ने लगता है, वहां आदिवासी विभिन्न भूमाफियाओं द्वारा प्रताड़ित किये जाते हैं और उन्हें लगातार अपनी जमीन से बेदखल होना पड़ता है। ऐसे कितने ही मामले कोर्ट में पड़े हैं और न्याय की प्रतीक्षा में आदिवासी परिवारों को पलायन करना पड़ता है।

चूंकि उनकी स्थिति मजबूत नहीं होती, आदिवासी महिलाएं, विशेषकर बच्चियां मानव व्यापार की सहज शिकार हो जाती हैं। छल-प्रपंच और प्रलोभन देकर कई संस्थाएं या दलाल सीधे-सादे आदिवासियों को मानव व्यापार के कॉरीडोर में ला खड़ा करते हैं। अपने सीधे स्वभाव के कारण आदिवासी सहज ही दलालों के झांसे में आ जाते हैं। सुनहरा सपना दिखाकर या ज्यादा पैसा कमाने का लोभ दिखाकर आदिवासी बालाओं को शहरों की कोठियों में ढकेल दिया जाता है। घरेलू कामगार महिलाओं के रूप में आदिवासी समाज को कोई ख़ास इज्जत नहीं मिली है। इन्हीं रास्तों से होकर कईयों को देह व्यापार के धंधे में ढकेल दिया जाता है।

आदिवासी भूभागों में पाये जाने वाले खनिजों के दोहन से आदिवासी समाज के सामने विकराल समस्या उभरी है। बड़े कल-कारखानों के लिये कुशल कामगारों के रूप में अपनी भूमिका निभाने के लिये समाज एकदम तैयार नहीं है। अगर उनके लिये कोई जगह है भी, तो वह एक अकुशल मजदूर के रूप में ही है। आज हम विकास के लिए विनाश के कांधे पर बैठकर प्रतिदिन जंगलों का विनाश कर रहे हैं, खामियाजा बीमारी के रूप में भर रहे हैं। मानव ही संसार में एकमात्र ऐसा जीव है जो अपनी मूर्खता की वजह से, अपने लिए ही विनाश के गड्ढे खोदता है। इसी सबका नतीजा एक दिन प्राकृतिक आपदा के रूप में भुगतना होगा। उदास प्रकृति सब्र टूटने पर विनाश लाती है और यह आगे विनाश का कारण भी बन सकती है।

(लेखिका चर्चित आदिवासी पत्रकार, समाज कर्मी, हैं।)

**हिंदी दिवस**

## हिंदी को सभा-गोष्ठियों तक सीमित न रहने दें

भारतवर्ष के बदलते परिदृश्य ने जिस कदर विदेशी भाषा के मायाजाल में युवा पीढ़ी को जकड़ रखा है, वह वास्तव में दर्दनाक और दुर्भाग्यपूर्ण है। स्वतंत्र भारतवर्ष में रहकर आज हम कई दशकों से अपनी हिंदी भाषा को न्याय दिलाने के लिए जुटे हुए हैं। इससे बड़ी विडंबना और क्या हो सकती है? हम वर्ष के कुछ दिन अपनी भाषा को सम्मान दिलाने पखवाड़े का आयोजन करते आ रहे हैं ! हिंदी एक ऐसी भाषा - जिसे तीन चौथाई भारतवर्ष अपनाता और समझता है, उसके लिए अपने ही लोगों में जागरूकता लाने का प्रयास क्या मात्र दिखावा नहीं कहा जा सकता है? हम यह जानते हैं कि हिंदी के प्रति आस्था ही भारतीयता की पहचान है। यह हमारा दुर्भाग्य है कि स्वतंत्र भारतवर्ष पर ऐसे स्वार्थी राजनेता अपनी हुकूमत कर रहे हैं, जो विदेशों से शिक्षा लेकर आए हैं। ऐसे ही लोगों ने हमारी मातृभाषा को राजभाषा तक समेट कर रख दिया है! मैं बिना किसी संकोच के ऐसे लोगों को ही हिंदी की दुर्दशा का जिम्मेदार मानता हूं। ऐसे देशद्रोही और भाषा के दुश्मन राजनेता भी इस बात से इनकार नहीं कर सकते हैं , कि वे भले ही विदेशी भाषा का प्रयोग करें। बड़े-बड़े मंचों से अपनी भाषा में उद्बोधन करें, किंतु सोचते हिंदी में ही हैं।

जब-जब हिंदी दिवस आता है, हिंदी के बगुलाभगत अनुयाई सक्रिय हो उठते हैं! राजभाषा आयोग और अनुभागों की नींद भी टूट जाती है। शासकीय कार्यालय हिंदी के उपयोग को लेकर जाग उठते हैं। सामाजिक तथा राजनीतिक मंचों पर हिंदी के नाम पर समारोह का आयोजन होने लगता है साथ ही हिंदी में कामकाज की मुहिम तेज करने शपथ भी ली जाती है। यह सब छद्म ही होता है! जैसे ही हिंदी दिवस और पखवाड़ा बीतता है, हिंदी के सम्मान में लिखे गए बड़े-बड़े बैनर-पोस्टर कूड़ेदानों में पड़े अपनी किस्मत पर आंसू बहाते दिखाई पड़ते हैं! हम 1947 में आजाद हुए। 1950 में हमारे देश का संविधान बनाया गया। इतना लंबा अरसा बीत जाने के बाद भी हिंदी को राष्ट्रभाषा के रूप में स्वीकारने की हमारी गति इतनी मंथर क्यों है? हमारे देश के कर्णधारों ने हिंदी को सभा- गोष्ठियों, सेमिनार एवं वेबीनार तक सीमित करके रख दिया है! मुझे इतिहास के पन्ने बताते हैं कि सन् 1918 में महात्मा गांधी ने हिंदी साहित्य सम्मेलन में हिंदी भाषा को राष्ट्रभाषा बनाने की कवायद की थी। इसे महात्मा गांधी ने जनमानस की भाषा करार दिया था। बावजूद इसके उस वक्त के राजनेताओं से लेकर वर्तमान के देश चलाने वालों ने महात्मा गांधी के विचारों की भी चिता जला दी है! एक भाषा के रूप में हिंदी न केवल भारतवर्ष की पहचान है, बल्कि यह हमारे जीवन का प्रमाण, संस्कृति एवं संस्कारों की सच्ची संवाहक, उपदेशक और परिचय भी है। इसे बहुत ही सरल, सहज एवं वैज्ञानिक भाषा का दर्जा देना भी गलत नहीं होगा। कारण यह की पूरे विश्व में इस सहज भाषा को बोलने-समझने वालों की बड़ी तादाद मौजूद है। विश्व की तीसरी बड़ी भाषा होने के साथ ही साथ हमारी हिंदी प्राचीन सभ्यता और आधुनिक प्रगति के बीच सेतु का काम करती है। जब जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाकर अमन-चैन स्थापित किया जा सकता है, तब वह दिन दूर नहीं, जब हम सभी क्षेत्रीय भाषाओं को उनका सम्मान बरकरार रखने की गारंटी के साथ हिंदी को राष्ट्रभाषा का दर्जा दिला पाएंगे।

हिंदी भाषा के संबंध में कुछ गौरवशाली तत्वों को जानना भी मैं जरूरी समझता हूं। हमारी वर्तमान पीढ़ी को यह जानकर आश्चर्य हो सकता है कि हिंदी भाषा के इतिहास पर सबसे पहले साहित्य की रचना 'ग्रासिन द तैसी' एक फ्रांसीसी लेखक ने की थी। इसके साथ ही हिंदी भाषा पर पहला शोध कार्य 'थियोलॉजी ऑफ़ तुलसीदास' को लंदन विश्वविद्यालय में पहली बार एक अंग्रेज विद्वान 'के आर कारपेंटर' ने प्रस्तुत किया था। किसी भी भाषा के साथ उसकी संस्कृति जुड़ी होती है। भारत का सांस्कृतिक इतिहास बहुत ही गौरवशाली रहा है जो भी भारतवासी इस सांस्कृतिक इतिहास की जानकारी से अछूता रह जाता है, वह पूर्ण रूप से भारतीय नहीं हो सकता। अत: यह जरूरी है कि हम अपनी संस्कृति को समझने के लिए हिंदी का श्रृंगार करते हुए अब राजभाषा को 'राष्ट्रभाषा' बनाने हेतु आंदोलित को उठें।

**डॉ सूर्यकांत मिश्रा**

**आपके पत्र**

## विश्व में हिंदी की बौद्धिकता के साथ व्यवसायिकता की जुगलबंदी

हिंदी के विशाल स्वरूप को मद्देनजर रख पूर्व राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसादजी ने भी कहा-हिंदी चिरकाल से ऐसी भाषा रही है जिसने मात्र विदेशी होने के कारण किसी शब्द का या भाषा का बहिष्कार नहीं किया'। यह शब्द हिंदी की पवित्रता और व्यापकता को इंगित करते हैं। वर्तमान परिस्थितियों एवं समय काल मैं पूरे विश्व में 45 करोड़ लोगों द्वारा बोले जाने वाली भाषा है। इसकी सरलता एवं सहजता विश्व के लोगों को अत्यंत प्रभावित भी करती है। हिंदी के विद्वानों, शिक्षाविदों, लेखकों, रचनाकारों और युवा लेखकों द्वारा हिंदी को वैश्विक पहचान दिलाने में अहम भूमिका भी निभाई है। कई नामचीन विद्वान लेखक जिन्होंने हिंदी को वैश्विक भाषाई शिखर पर पहुंचाया है। इसी अनुक्रम में 14 सितंबर 1949 को संविधान सभा ने एकमतेन हिंदी को भारत की राजभाषा बनाने का निर्णय लिया और 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाने का निर्णय भी लिया गया था और हिंदी दिवस मनाने का एकमात्र उद्देश्य राजकीय कार्यालयों इसके व्यापक प्रचार प्रसार एवं पत्राचार में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने की ही है। हिंदी भाषा को पूरे विश्व में द्वितीय भाषा के रूप में माना जाता है। हिंदी नए वैश्विक स्तर पर अपने चलन के कारण अंग्रेजी भाषा को भी काफी पीछे छोड़ दिया है। आज हिंदी भाषा का कंप्यूटर,इंटरनेट ई बुक, सोशल मीडिया, विज्ञापन, टेलीविजन रेडियो आदि क्षेत्र में व्यापक स्तर पर प्रयोग किया जा रहा है। भारत की विशाल जनसंख्या विदेशी व्यापारियों के लिए एक बड़ा उपभोक्ता बाजार है। यही कारण है कि विदेशी कंपनियां अपने सभी विज्ञापनों एवं सामानों में हिंदी भाषा का उपयोग कर भारतीय जनमानस को अपने उत्पादों के प्रति आकर्षित करना चाहती है। यही वजह है कि हिंदी का व्यापक प्रचार-प्रसार भी इसी माध्यम से हो रहा है। विदेशों में भारतीय फिल्मों ने भी हिंदी का बड़ा और वृहद प्रचार-प्रसार किया है। ब्रिटेन, अमेरिका, कनाडा, रूस मैं निवासरत भारतीय लोग हिंदी के प्रचार में निरंतर लगे हुए हैं। वहां हिंदी बोली तथा समझी जाती है।

एनी बेसेंट ने सत्य कहा है कि भारत के विभिन्न प्रांतों में बोली जाने वाली विभिन्न भाषाओं में जो भाषा सबसे प्रभावशाली बन कर सामने आती है वह है हिंदी, जो हिंदी जानता है पूरे भारत की यात्रा कर हिंदी बोलने वाला से हर तरह की जानकारी प्राप्त कर सकता है। बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा भी अपने सामानों को बेचने के लिए हिंदी भाषा का प्रयोग करना पड़ रहा है। भारत में कुछ काले अंग्रेज लोग जो सिर्फ महानगरों में अंग्रेजी को ही महत्व देते हैं, उन्हें इस बात को समझ जाना चाहिए कि भविष्य में हिंदी का भविष्य वैश्विक स्तर पर उज्जवल है और उन्हें हिंदी भाषा बोलने में शर्म नहीं आनी चाहिए। अंग्रेजी भाषा एक अंतरराष्ट्रीय भाषा है वह जरूर बड़ी कंपनियों में विदेश में नौकरी दिलाने का माध्यम बन सकती है, पर हिंदी देश का गौरव और नागरिकों की आत्माओं में बसी एक पवित्र धारा है। अंग्रेजी भाषा रोजगारमूलक जरूर हो सकती है, पर केवल इसी कारण हिंदी की अवहेलना और उपेक्षा किसी भी स्तर पर तर्कसंगत नहीं है। भारतीयों को हिंदी के आत्मगौरव को विस्मृत नहीं करना चाहिए। हिंदी देश को भावनात्मक एकता के सूत्र में बांधे में सक्षम भारत की एकमात्र सशक्त भाषा है। हिंदी की गहराई तथा विशालता किसी बात से इंगित होती है कि भारतीय ग्रंथों और बड़े मूर्धन्य लेखकों की किताबों का अनुवाद विश्व की अनेक भाषाओं में किया गया है और हिंदी की रामायण, गीता, रामचरितमानस वैश्विक स्तर पर पढ़ी जाती है। इसे राष्ट्रभाषा बनाकर शीर्ष में सम्मान देने की आवश्यकता है।

भारतेंदु हरिश्चंद्र जी ने हिंदी की प्रगति के लिए कुछ पंक्तियां कही हैं जो आज भी उल्लेखनीय है-

निज भाषा उन्नति अहै सब उन्नति को मूल,
बृज भाषा ज्ञान के मिटत न हिय को शूल।

**संजीव ठाकुर**

## कलेक्टर ने दूरस्थ ग्रामों का किया भ्रमण

# शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन का लिया जायजा

◆ ग्रामवासियों की समस्याएं सुनकर निराकरण के दिए निर्देश



**पन्ना, देशबन्धु।** कलेक्टर हरजिंदर सिंह ने जिले के गुनौर, पवई और शाहनगर विकासखण्ड के कई ग्रामों सहित दूरस्थ ग्रामों का भ्रमण कर शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन का जायजा लिया। इस दौरान स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्र, स्वास्थ्य केंद्र सहित ग्राम पंचायत कार्यालय में व्यवस्थाएं देखी। साथ ही ग्रामवासियों से संवाद कर समस्याएं भी सुनी और अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए, कलेक्टर ने ग्राम भिटारी के शासकीय प्राथमिक शाला पहुंचकर स्कूल में दर्ज बच्चों और शिक्षकों की उपस्थिति की जानकारी ली। हाजिरी पंजी का अवलोकन कर बच्चों का अक्षर और भाषा ज्ञान परखा। स्कूल में मिलने वाली अन्य सुविधाओं की जानकारी भी ली। ग्राम सरवारा में पन्ना जनसेवा अधियान के सर्वे कार्य की जानकारी ली और सर्वे दल को शत प्रतिशत जरूरतमंद हितग्राहियों के चिन्हांकन और लाभान्वित करने के निर्देश दिए। सर्वे दल को सभी घरों में अनिवार्य रूप से पहुंचकर सर्वे कार्य निर्धारित समय सीमा में संपादित करने के लिए कहा। इसके उपरांत भितरी मुटमुरू में प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना, संबल, आयुष्मान योजनाओं के कार्य की प्रगति का जायजा लिया गया। उन्होंने प्राथमिक शाला सिमरहा का भी निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री सिंह ने उप स्वास्थ्य केंद्र की एएनएम से गर्भवती और धात्री माताओं के एएनसी पंजीयन, बच्चों के टीकाकरण की जानकारी ली। समक्ष में रजिस्टर भी देखा। बीएलओ से ग्राम में मतदाता सूची में दर्ज महिलाओं और नवमतदाताओं की जानकारी ली। निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केंद्र का अवलोकन किया। शासकीय माध्यमिक शाला मजरा टोला में निरीक्षण के दौरान रैंप निर्माण के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्कूल के बच्चों से संवाद कर किताब भी पढ़वाई। इस दौरान निर्धारित मीनू अनुसार मध्यान्ह भोजन वितरण के निर्देश दिए। किचेन शेड का अवलोकन कर रसोइयों से चर्चा कर निर्धारित समय पर बच्चों को गर्म पका भोजन वितरण के लिए कहा।

यहां स्कूल परिसर में जल जीवन मिशन योजना के तहत नल कनेक्शन सही कराने के निर्देश भी दिए। इसके अलावा एक बस्ती के बंद पहुंच मार्ग शुरू कराने और पुराने स्कूल भवन में जल भराव की समस्या निराकृत करने के लिए कहा। कलेक्टर श्री सिंह ने जल जीवन मिशन अंतर्गत पवई बांध परियोजना के कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। घुटेही ग्राम पंचायत कार्यालय पहुंचकर पन्ना जनसेवा अभियान के सर्वे दल से शत प्रतिशत हितग्राहियों के चिन्हांकन के संबंध में निर्देश दिए। यहां एएनएम से गर्भवती महिलाओं को और बच्चों के टीकाकरण के संबंध में जानकारी ली। एएनसी रजिस्टर भी देखा। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से आंगनबाड़ी केन्द्र में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी लेकर बच्चों के वजन पंजी का अवलोकन किया। ग्राम पंचायत भवन में उपलब्ध सुविधाओं का जायजा भी लिया।

### जनपुस्तकालय कल्दा का किया लोकार्पण

कलेक्टर ने ग्राम पंचायत कार्यालय कल्दा परिसर में नवनिर्मित जनपुस्तकालय का लोकार्पण किया। यहां बच्चों से संवाद कर शिक्षा का महत्व बताया और जनपुस्तकालय में उपलब्ध सुविधाओं का लाभ लेने का आग्रह किया। उन्होंने ग्राम पंचायत में पुस्तकालय की सौगात की पहल को सराहनीय बताया। कलेक्टर ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कल्दा पहुंचकर स्वास्थ्य सेवा व सुविधाओं की जानकारी ली। यहां पंजीयन कक्ष, वैक्सीन डिपो, दवा वितरण कक्ष और दवाईयों का स्टॉक देखा। स्थानीयजनों द्वारा स्वास्थ्य कर्मचारियों के अन्य संस्थाओं में संलग्नीकरण के कारण होने वाली असुविधा की जानकारी दी गई। इस पर जिला कलेक्टर द्वारा संलग्न कर्मचारियों का संलग्नीकरण समाप्त करने की बात कही गई। कलेक्टर ने स्वास्थ्य केन्द्र में उपस्थित स्टॉफनर्स सहित अन्य कर्मचारियों को संस्थागत प्रसव के लिए बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने मेटरनिटी वार्ड और लेबर रूम की व्यवस्थाओं को भी देखा।

### सर्रा में निर्माणाधीन मुर्गीपालन शेड का लिया जायजा

कलेक्टर ने ग्राम सर्रा पहुंचकर यहां निर्माणाधीन मुर्गीपालन शेड का जायजा लिया और लाभार्थी परिवार की महिलाओं से चर्चा की। मुर्गीपालन गतिविधि के चालू होने के उपरांत दोबारा गांव में आने का भरोसा दिया। महिलाओं से लाड़ली बहना योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन सहित अन्य शासकीय सेवाओं के लाभ मिलने के बारे में जानकारी ली। ग्रामीणों ने बताया कि सेल्समैन द्वारा नियमित रूप से राशन का वितरण नहीं किया जाता है। इस पर जिला कलेक्टर ने सेल्समैन को समक्ष में नियमित रूप से पात्र हितग्राहियों को राशन वितरण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि दुकान में राशन वितरण दिवस की जानकारी भी प्रदर्शित करें। किसी भी स्थिति में पात्र परिवार के राशन से वंचित होने पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने स्वसहायता समूह की महिलाओं को उचित मूल्य दुकान का संचालन सौंपने के संबंध में भी चर्चा की। ग्रामीणों की शिकायत पर सर्रा के पंचायत सचिव के विरूद्ध बगैर नाली निर्माण के 37 हजार रूपए आहरित करने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही के निर्देश भी दिए।

### जल सोधन संयंत्र और इनटेकवेल का किया अवलोकन

कलेक्टर ने पवई बांध समूह जल प्रदाय योजना के तहत 158 ग्रामों में प्रत्येक ग्रामीण परिवार को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए निर्मित पवई बांध समूह जल प्रदाय योजना के जल शोधन संयंत्र और इनटेकवेल का अवलोकन किया। सारंगपुर में स्थापित 20.62 एमएलडी क्षमता का डब्ल्यूटीपी संयंत्र बनकर तैयार हो चुका है। उन्होंने जल निगम के महाप्रबंधक से यहां उपलबध सुविधाओं और मशीन की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी ली। साथ ही परीक्षण लैब का अवलोकन भी किया। परिसर में नेटवर्क सुविधा के विस्तार के संबंध में आवश्यक कार्यवाही के निर्देश भी दिए। अधिकारियों ने यहां पौधरोपण भी किया। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ संघ प्रिय, एसडीएम भारती मिश्रा एवं श्रृति अग्रवाल, परियोजना अधिकारी संजय सिंह परिहार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रधानाध्यापक इन्दल प्रसाद दहायत निलंबित

**पन्ना, देशबन्धु।** जिला शिक्षा अधिकारी सूर्यभूषण मिश्रा ने अतिथि शिक्षक की नियुक्ति में लापरवाही पर प्राथमिक शिक्षक एवं प्रभारी प्रधानाध्यापक शासकीय प्राथमिक शाला सोनमऊखुर्द, संकुल शासकीय उ.मा. विद्यालय, बघवारकला को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में श्री दहायत का मुख्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय, शाहनगर निर्धारित किया गया है। निलंबन काल में प्रधानाध्यापक को जीवन निर्वाह भत्ता मिलेगा।

उल्लेखनीय है कि रैपुरा तहसील के बघवारकला निवासी पवन कुमार सेन द्वारा शिक्षा मंत्री सहित पवई विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, कलेक्टर और जिला शिक्षा अधिकारी को आवेदन प्रस्तुत कर अवगत कराया था कि वह शासकीय प्राथमिक शाला सोनमऊखुर्द में 10 नवम्बर 2022 से निरंतर अतिथि शिक्षक के पद पर सेवाएं दे रहा था, लेकिन 2 जनवरी 2023 को संकुल प्राचार्य द्वारा दूसरे व्यक्ति की नियुक्ति कर दी गई, जबकि पूर्व में प्रकाशित विज्ञापन के आधार पर ही नियमानुसार उसकी नियुक्ति की गई थी। इस दौरान अपनाई गई प्रक्रिया में संस्था समिति के अध्यक्ष और ग्राम के लोग भी उपस्थित थे। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि पवन कुमार सेन की शिकायत के परीक्षण में पाया गया कि अतिथि शिक्षक भर्ती के लिए पुनः नया प्रस्ताव पारित किया गया। नवीन प्रस्ताव के आधार पर महिमा तिवारी की नियुक्ति कर दी गई। प्रधानाध्यापक द्वारा अतिथि शिक्षक भर्ती के लिए दो-दो प्रस्ताव तैयार किए गए और यह कृत्य कदाचरण की श्रेणी में पाया गया। जिला शिक्षा अधिकारी ने प्रधानाध्यापक द्वारा अतिथि शिक्षक की भर्ती में लापरवाही प्रमाणित पाये जाने पर मप्र सिविल सेवा आचरण नियम 1966 के नियम 9 में निहित प्रावधान के अंतर्गत निलंबित करने की कार्यवाही की गई है।

# 3 लाख का बिल थमाया था, अब बिजली कंपनी को ही देना होगा 55 हजार हर्जाना

**भोपाल, देशबन्धु।** बिजली कंपनी ने एक उपभोक्ता को तीन लाख 18 हजार रुपये का गलत बिल थमा दिया। उपभोक्ता का कहना था कि उसने इतनी बिजली का उपयोग किया ही नहीं है। लेकिन इसके बाद भी कंपनी के अधिकारियों ने उसे राशि तुरंत जमा करने की चेतावनी दी थी। इससे परेशान होकर उसने उसने जिला उपभोक्ता आयोग में याचिका दायर की। आयोग ने अब करीब 10 वर्ष बाद भी इस मामले में बिजली कंपनी को उसे 50 हजार रुपये मानसिक क्षतिपूर्ति राशि के साथ-साथ पांच हजार रुपये वाद व्यय भी देने के आदेश दिए हैं। यह निर्णय जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष योगेश दत्त शुक्ल व सदस्य प्रतिभा पांडे की पीठ ने सुनाया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार , ईदगाह हिल्स निवासी आशा देवी ने वर्ष 2013 में बिजली कंपनी के कार्यपालन यंत्री और प्रबंधक के खिलाफ जिला उपभोक्ता आयोग में याचिका लगाई थी। याचिका में उपभोक्ता ने शिकायत की थी कि बिजली कंपनी ने विद्युत मीटर में खराबी बताकर मीटर का परीक्षण लैब कराने का कहकर पंचनामा बनाकर मीटर निकाल लिया था। साथ ही मीटर की रीडिंग 3 लाख 18 हजार 915 रुपये का बिल दे दिया था। इसके साथ ही कंपनी ने चेतावनी दी कि राशि तुरंत जमा कर दें, नहीं तो कनेक्शन काट दिया जाएगा। कुछ दिन बाद कनेक्शन काट भी दिया गया। उपभोक्ता के अधिवक्ता जेएस परमार ने कहा कि इस मामले में बिजली कंपनी ने तर्क दिए कि जांच में मीटर की कार्यप्रणाली सही नहीं पाए जाने पर मीटर को जब्त किया गया। मीटर रीडिंग यंत्र से जांच किए जाने पर मीटर लंबे समय तक कई बार बंद होना पाया गया। इससे यह प्रतीत होता है कि उपभोक्ता मीटर खराब कर बिजली की चोरी करता था। लेकिन कंपनी इस संबंध में कोई भी साक्ष्य पेश नहीं कर पाई कि उपभोक्ता ने मीटर में छेड़छाड़ की है। लिहाजा जिला आयोग ने इस तर्क को खारिज कर दिया। आयोग ने मामले में निर्णय सुनाते हुए बिल को रद कर दिया और बिजली कंपनी को 55 हजार रुपये लौटाने के आदेश दिए। साथ ही आयोग ने आदेश दिया कि यदि इस अवधि में उपभोक्ता ने किसी तरह की कोई राशि जमा की है तो उसका समायोजन अगले बिलों में किया जाए।

# बच्चों के सर्वागींण विकास पर जोर



**छतरपुर, देशबन्धु।** भारत सरकार के निपुण भारत अभियान एवं मध्य प्रदेश शासन के मिशन अंकुर के अंतर्गत बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान को सुदृढ करने के उद्देश्य से जिला शिक्षा केंद्र द्वारा आज जिले के प्रत्येक प्राथमिक विद्यालय में एफएलएन मेला का आयोजन किया जाएगा। एफएलएन मेले की तैयारी के लिए डाइट नौगांव में जिले के समस्त जनशिक्षकों,बीएसी एवं बीआरसीसी का एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

डीपीसी अरुण शंकर पांडे ने बताया कि यह मेला समस्त प्राइमरी स्कूलों में कक्षा 1-2 के बच्चो के लिय आयोजित किया जाएगा। डाइट परिसर में सभी की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए मेले जैसा माहौल बनाया गया ताकि सभी स्कूलों में मेले का आयोजन सही तरीके से किया जा सके। जनशिक्षकों, बीएसी एवं बीआरसीसी ने उत्साह के साथ सभी गतिविधियों को किया व बच्चे बनकर मेले का आनंद उठाया। एफएलएन मेले का उद्देश्य है कि अभिभावकों को स्कूल से और बच्चो के सर्वांगीण विकास से जोड़ा जा सके। समुदाय की सहभागिता के साथ मेले में गतिविधियां आयोजित कर बच्चों को रिपोर्ट कार्ड भी दिए जाएंगे। डाइट प्राचार्य पीएल अहिरवार ने एफएलएन के उद्देश्य पर विस्तृत चर्चा करते हुए बताया कि एफएलएन मेला एक पहल है जो बच्चों की शारीरिक, मानसिक, भाषा विकास आदि क्षमताओं का मूल्यांकन करना एवं उनके विकास हेतु गतिविधियों को करना है। जो स्कूली परिवेश में बच्चों के विकास के लिए आवश्यक होती हैं। जिसको पूर्ण मनोयोग से बच्चों एवम पालक की सहभागिता के साथ एफ एल एन मेला प्रत्येक प्राथमिक विद्यालय में विधिवत संपन्न किया जाए।

एपीसी अकादमिक नीरज खरे ने बताया कि मेले के आयोजन में कक्षा पहली दूसरी के बच्चे एवं अभिभावकों की सहभागिता के साथ प्रत्येक प्राथमिक विद्यालय में शाला समय पर मेले का आयोजन किया जाएगा। जिसमें 6 स्टाल लगाए जाएंगे। पांच स्टॉल में बच्चे गतिविधियां करेंगे एवं एक स्टॉल में पंजीयन किया जाएगा।

बच्चों के उत्कृष्ट प्रदर्शन रिपोर्ट कार्ड के आधार पर उसी दिन बच्चों को अभिभावकों के समक्ष सम्मानित किया जाएगा। उन्मुखीकरण के पश्चात सभी जन शिक्षकों द्वारा जन शिक्षा केंद्र स्तर पर निर्धारित तिथि को प्राथमिक स्कूल के शिक्षकों का मेले के आयोजन पर प्रशिक्षण आयोजित किया गया। राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा यू ट्यूब लिंक के माध्यम से एफ एल एन मेला आयोजन हेतु विस्तृत जानकारी भी उपलब्ध कराई गई है।

प्रशिक्षण के लिए प्रथम टीम से मोनिका जैन एवं रोशनी यादव उपस्थित रहीं। इस अवसर पर डाइट ट्रेनिंग इंचार्ज आरके वर्मा, प्राचार्य पी एल अहिरवार, डाइट के सभी एकेडमिक सदस्य, जिला शिक्षा केंद्र से एपीसीअकादमिक नीरज खरे और निपुण प्रोफेशनल ओमकार हरम सहित जिले के समस्त बीआरसीसी, बीएसी एवं जन शिक्षक उपस्थित रहे।

# भोपाल एक्सप्रेस को पहले निरस्त किया, फिर फ़ैसला बदला

**भोपाल, देशबन्धु।** शान ए भोपाल (भोपाल एक्सप्रेस) ट्रेन को 11 सितंबर से 29 सितंबर तक निरस्त कर दिया गया था। लेकिन फिर इसे वापस शुरू कर दिया गया है। भोपाल रेल मंडल की वरिष्ठ अधिकारी रश्मि बघेल ने कहा कि जिन यात्रियों ने टिकट रद्द करवाए हैं, उन्हें नियमानुसार धन वापसी की जाएगी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, झांसी रेल्वे स्टेशन पर इन दिनों रखरखाव का काम चल रहा है। इस वजह से रेल्वे ने रानी कमलावति स्टेशन से हजरत निजामुद्दीन स्टेशन के बीच चलने वाली भोपाल एक्सप्रेस ट्रेन को 11 से 29 सितंबर के बीच निरस्त कर दिया था। रेल्वे ने इस संबंध में ट्रेन में आरक्षण कराने वाले यात्रियों 10 सितंबर को संदेश के माध्यम से सूचना दे दी थी। इस ट्रेन में उक्त अवधि के लिए आरक्षण करा चुके यात्रियों को जब गाड़ी रद्द होने की सूचना मिली अपने टिकट रद्द करवा कर दूसरी ट्रेन में आरक्षण करा लिए। इस संबंध में भोपाल रेल मंडल की वरिष्ठ वाणिज्य अधिकारी रश्मि बघेल ने कहा कि झांसी में चल रहे रखरखाव के काम के कारण ट्रेन को निरस्त किया गयाथा। ऐसे में कई लोगों के संदेश हमारे पास आए और हमने यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ट्रेन को वापस शुरू किया। उन्होंने बताया कि जिन भी यात्रियों ने टिकट निरस्त किए हैं, उन्हें नियमानुसार पैसा वापस किया जाएगा। नियमानुसार ऑनलाइन टिकट है तो फौरन इसे ऑनलाइन निरस्त करना होता है। ऐसे में सौ फीसदी धन वापस मिलता है। निरस्त और रीस्टोर की अवधि में ही टिकट निरस्त पर रेलवे 1सौ फीसदी राशि वापस करता है। ट्रेन रीस्टोर होने के बाद टिकट मिलती है। अगर टिकट ऑफलाइन है तो तुरंत ही खिड़की पर जाकर निरस्त कराना होता है।

# किराना व्यापारी ने महिला को दुकान में बंद कर किया दुष्कर्म

**भोपाल, देशबन्धु**। कटारा हिल्स इलाके में एक किराना व्यापारी ने एक महिला को दुकान में बंद कर दुष्कर्म किया और उसे जान से मारने की धमकी भी दी। कटाराहिल्स थाना प्रभारी भान सिंह प्रजापति ने बताया कि 36 वर्षीय महिला साफ - सफाई का काम करती है। वह जनवरी 2023 में कटाराहिल्स की एक पाश कालोनी के एक मकान में काम करती थी। इस दौरान कालोनी परिसर में किराने की दुकान चलाने वाला जयपाल सिंह राजपूत की दुकान पर सामान लेने जाने के दौरान जयपाल और महिला की पहचान हो गई थी।

एक अप्रैल 2023 को वह किराना दुकान पर सामान लेने गई तो जयपाल ने उसे अपनी दुकान के अंदर बुलाया और उसके आते ही दुकान का शटर गिरा दिया और उसके साथ दुष्कर्म कर दिया। बाद में आरोपी ने उसे धमकाया कि अगर किसी को कुछ बताया तो वह उसे जान से मार देगा। इस पर महिला कालोनी के मकान पर काम करना बंद कर अपने गांव चली गई थी। जब वह दो दिन पहले अपना पुराना हिसाब करने के लिए कालोनी में आई तो आरोपी ने उसे देखकर जान से मारने की धमकी दी। इस पर महिला ने थाने जाकर शिकायत दर्ज करा दी। महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।


**महाराजा छत्रसाल बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, छतरपुर**

कार्यालय, फोन : 07682-244442, फैक्स : 07682-244442

निविदा. स. R-783 दिनांक : 13.09.2023

**निविदा आमंत्रण**

निविदा क्रमांक/R-541/भण्डार/2023 छतरपुर, दिनांक 19.07.2023 द्वारा महाराजा छत्रसाल बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय छतरपुर गोपनीय एवं परीक्षा विभाग के टेबुलेशन चार्ट का कवर एवं कपड़ा लगाकर वाइडिंग कार्य करने हेतु स्थानीय बाजार से दिनांक 04.08.2023 सायं 5.00 बजे तक सीलबंद निविदायें आमंत्रित की गई है। नियत दिनांक तक पर्याप्त निविदायें प्राप्त ना होने के कारण पुनः दिनांक 25.09.2023 तक सीलबंद निविदायें आमंत्रित की जाती है। दिनांक 26.09.2023 दोपहर 12.00 बजे निविदाकारों की उपस्थिति में खोली जावेंगी। निविदा प्रपत्र रु. 2000/- का बैंक ड्राफ्ट जो कि कुलसचिव, महाराजा छत्रसाल बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय छतरपुर के नाम देय होगा (वापसी योग्य नहीं) निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारी विश्वविद्यालय की वेवसाइट www.mcbu.ac.in पर देखें। नियम व शर्तें पूर्वानुसार यथावत रहेगी।

म.प्र. माध्यम/112003/2023 कुलसचिव


### सहकारी समिति के कर्मचारियों की हड़ताल स्थगित

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश में 16 अगस्त से चल रही सहकारी समिति के कर्मचारियों की हड़ताल मंगलवार को स्थगित हो गई। मध्य प्रदेश संयुक्त सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ के प्रतिनिधियों की सहकारिता मंत्री अरविंद सिंह भदौरिया के साथ बैठक में तय हुआ कि 15 सितंबर को लाल परेड मैदान पर महापंचायत आयोजित की जाएगी। इसमें कर्मचारियों की वेतनमान और अलग संवर्ग बनाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान घोषणा कर सकते हैं। प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के राष्ट्रीय संगठन के अध्यक्ष अशोक मिश्रा ने बताया कि लंबे आंदोलन के बाद सहकारी संस्थाओं के कर्मचारियों की महापंचायत बुलाने का निर्णय लिया गया है। चर्चा के बाद 16 अगस्त से चल रहे आंदोलन को स्थगित कर दिया गया है।

### चोरी की मोटर सायकिल से कर रहे थे अवैध शराब की तस्करी, गिरफ्तार

गुना, देशबन्धु। राघौगढ़ पुलिस द्वारा चोरी की मोटर साइकिल पर अवैध शराब की तस्करी करते हुए तस्कर को दबोचा है। आरोपी द्वारा गत माह फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम हमीरपुर से तस्करी में प्रयुक्त मोटर साइकिल को चोरी किया था। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि एक व्यक्ति रामनगर तरफ से मोटर साइकिल क्रमांक एमपी08-8606 पर दो प्लास्टिक की केनों में कच्ची शराब लेकर राघौगढ तरफ आ रहा है। उक्त सूचना पर पुलिस ने रामनगर रोड ग्राम कडैया पहुंचकर वाहन चैकिंग लगाई गई।

# 9 किलो चरस के साथ महिला सहित 3 गिरफ्तार

**भोपाल, देशबन्धु।** राजधानी की क्राइम ब्रांच पुलिस ने नौ किग्रा चरस के साथ बिहार की एक महिला सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बताया गया है कि महिला नेपाली चरस को बिहार के रास्ते अपने आकाओं के कहने पर भोपाल पहुंचाने आइ थी। लेकिन यहां जैसे ही उसने नशे का सामान सुपुर्द किया, वैसे ही क्राइम ब्रांच ने उसके सहित तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस उपायुक्त (डीसीपी ) क्राइम ब्रांच श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी एक महिला चरस की खेप लेकर बिहार से रानी कमलपति स्टेशन सामने सब्जी वाले के पास खड़ी है। इस पर पुलिस टीमें तत्काल मौके के लिए रवाना की गई, जहां एक महिल अपने दो साथियों के साथ मिली। तीनों को हिरासत में लेकर क्राइम ब्रांच थाने लाया गया। जहां युवक की पहचान रामनगर शाहजहांबनाद निवासी 30 वर्षीय मो.ताहिर, वाजपेई नगर शाहजहानांबाद निवासी 35 वर्षीय सोहनलाल मेसकर के रुप में, जबकि महिला की छावनी मोहल्ला थाना चनपटिया जिला बेंतिया बिहार की रहने वाली 40 वर्षीय शारदा देवी पति चंद्रिका महतो के रुप में हुई। तीनों की तलाशी ली तो उनके पास से करीब नौ किलो चरस मिली। पूछताछ में चरस की तस्कर शारदा ने बताया कि उसे बिहार से भोपाल चरस पहुंचाने के लिए पांच हजार रुपये मिलते हैं। सबसे पहले नेपाल से चरस को एक आदमी लाकर उस तक पहुंचाता था, उसके बाद वह चरस को भोपाल पहुंचाने आई थी।

### *आटो की आड़ में चरस की बिक्री*

*डीसीपी ने बताया कि मो ताहिर आटो चालक है, वह आटो चलाने की आड़ में चरस की बिक्री कर रहा था। उसकी चरस लेने वाले ज्यादातर ग्राहक इतवारा, कोलार , शाहजहांनाबाद, गौतमनगर में हैं। उसने अपने काम में साथ देने के लिए सोहन लाल मेसकर को भी मिला लिया था। सोहन आठवीं तक पढ़ा है और मजदूरी करता है।*

### *नेपाल जाकर होती थी बुकिंग*

*डीसीपी ने बताया कि दोनों आरोपी नेपाल जाकर चरस बुक करते थे और उसके पहुंचाने की जिम्मेदारी चरस तस्कर के सरगना की रहती थी। इन्होंने ने इस सौदे के लिए कोड वर्ड बना रखे थे , वह चरस को नेपाली बर्फी के नाम से बात करते थे। चौंकाने वाली बात यह है कि भोपाल का तस्कर का नेटवर्क बिहार और नेपाल तक है। लिहाजा पुलिस पूछताछ कर अन्य तस्करों की जानकारी जुटा रही है।*

# विरोध प्रदर्शन : मांगों पर अडिग पटवारियों ने किया रक्तदान

**सीहोर देशबनधु।** शासन का ध्यान आकर्षित कराने के लिए उद्देश्य से पटवारियों ने बुधवार को अनूठा विरोध प्रदर्शन किया है। पटवारियों ने तहसील कार्यालय में शिविर का आयोजन कर रक्तदान किया और शासन का ध्यान आकर्षित कराने का प्रयास किया। यह आयोजन जिला मुख्यालय के तहसील कार्यालय में हुआ है। वेतन विसंगति सहित अन्य मांगों को लेकर 28 अगस्त से पटवारी हड़ताल पर हैं। 16 दिन भी पटवारियों की हड़ताल जारी रही। यह प्रदर्शन मध्यप्रदेश पटवारी संघ के आव्हान पर जिला मुख्यालय और श्यामपुर ब्लॉक में किया गया। इस दौरान 72 यूनिट रक्तदान किया गया। मध्यप्रदेश पटवारी संघ के जिलाध्यक्ष संजय राठौर नेतृत्व में शिविर में 72 यूनिट रक्तदान किया गया। उन्होंने कहा कि सरकार यदि उनकी मांगों का निराकरण नहीं करती है तो बैठक कर आगे की रणनीति तैयार की जाएगी। बताया गया कि बुधवार को पूर्व विधायक रमेश सक्सेना और पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जसपाल सिंह अरोरा ने भी धरना स्थल पर आकर अपना समर्थन दिया। इसके अलावा मंगलवार को बड़ी संख्या में याचिका लेखकों ने भी समर्थन देकर कलमबंद हड़ताल की थी।


**कार्यालय संयुक्त संचालक पशु चिकित्सा सेवायें सागर संभाग सागर मध्य प्रदेश**

क्र. 1200/ सागर/2023-24 दिनांक, 11.09.2023

**निविदा सूचना**

संचालनालय पशु पालन मध्य प्रदेश की ओर से शासकीय पशु/भेड़ बकरी प्रजनन प्रक्षेत्र मिनौरा-टीकमगढ़ में कृषि कार्य एवं अन्य दैनिक कार्यों हेतु e-procurement प्रणाली portal http//mptenders.gov.in पर ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।

| स.क्र. | विवरण | ऑनलाईन निविदा प्रपत्र क्रय करने का दिनांक | निविदा राशि | धरोहर राशि | ऑनलाईन निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| JDVSSAGAR 04/2023 | शासकीय पशु/भेड़ बकरी प्रजनन प्रक्षेत्र मिनौरा-टीकमगढ़ में पशु पालन कार्य, पशुओं को चराना बांधना, चारा-भूसा, दाना डालना, शेडो की सफाई चौकीदारी,वाहन चालक, घास बीड़ एवं फैसिंक की चौकीदारी एवं हरा चारा उत्पादन के के दैनिक कार्यों हेतु निविदा आमंत्रण | 15.09.2023 | 2000 + प्रोसेसिंग फीस | रूपये 10,000 (दस) हजार किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक की एफ. डी.आर. जिसकी वैद्यता दिनांक 31.12.2023 तक होना अनिवार्य है। (को-अपरेटिव) बैंक की एफ. डी.आर.मान्य नहीं होगी। | 25.09.2023 |

1. निविदा प्रपत्र उक्त वर्णित वेबसाईट पर ऑनलाईन भुगतान कर प्राप्त किये जा सकते है।
2. निविदा संबंधी समस्त जानकारी वेबसाईट पर अथवा कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है।
3. निविदा की कुल अनुमानित मूल्य रू. 20 लाख मात्र है।

जी-19636/23

संयुक्त संचालक पशु चिकित्सा सेवायें
सागर संभाग सागर

सूचना के अधिकार के तहत जानकारी देने से कतरा रहे अधिकारी

# घर पर बैठकर काम निपटा रह सरपंच-सचिव, ग्राम विकास से अनभिज्ञ उप सरपंच और पंच




**पलेरा, देशबन्धु।** आम आदमी के लिये सरकारी काम काज की जानकारी लेने के लिये सूचना का अधिकार ही एकमात्र हथियार है, जिससे एक आम आदमी सरकारी कामो की सत्यापित प्रति प्राप्त कर सकता है और ये जानकारी प्राप्त कर सकता है कि सरकार के द्वारा जो योजना चलाई गईं हैं इसमे कितने रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। सरकारी कामो की जानकारी सूचना के अधिकार के तहत प्राप्त की जा सकती है और यह आम आदमी के लिये संविधानिक अधिकार भी है।

शासन की मंशा को ताक पर रखकर अधिकारी खुद के द्वारा किये या अधीनस्थ कर्मचारियो द्वारा कराये गये सरकारी कार्यो मे भृष्टाचार की पोल खुल जाने के भय से सूचना के अधिकार के तहत जानकारी देने से कतरा रहे है। मामला यही नही रुकता जब इनके वरिष्ठ अधिकरीयो को भी आवेदन दिया जाता है तो वो भी गोल माल घुमाने से नही चूकते है। इससे यहाँ सवालिया निशान खड़ा हो जाता है कि भृष्टाचार मे कही ना कही वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल है।

इस प्रकार एक आम आदमी को सरकारी किसी काम की जानकारी नही मिल पाती है और कर्मचारी भृष्टाचार करने मे मस्त है। ऐसा ही मामला जनपद पंचायत पलेरा की ग्राम हरकनपुरा मे देखने को मिला है। हरकनपुरा के वर्तमान उपसरपंच को पंचायत के कामो की जानकारी सूचना के अधिकार के तहत माँगनी पड़ रही है। सरपंच और सचिव के द्वारा पंचायत के किसी भी काम की जानकारी उप सरपंच या पंच को दी जा रही है। ग्राम पंचायत हरकनपुरा के उप सरपंच अजय अहिरवार ने जानकारी देते हुए बताया कि सरपंच और सचिव पंचायत मे महिने मे एक दो बार ही आते है। बाकी के सारे काम काज अपने घर पर बैठ कर करते है। किसी काम की जानकारी भी हम लोगो को नही दिए जाने पर मेरे द्वारा सूचना अधिकार के तहत आवेदन ग्राम पंचायत सहित जनपद पलेरा तथा जिला टीकमगढ़ मे भी लगाया गया है, लेकिन आज तक कोई भी जानकारी मुझे प्राप्त नही हुई। उप सरपंच अजय अहिरवार ने आरोप लगाते हुए बताया कि इसका कारण यही है कि सरपंच, सचिव के द्वारा कामो की राशि मे जो गोलमाल हुआ है इसमे जनपद पंचायत पलेरा के अधिकारी भी शामिल है इसलिये जानकारी दिलाने मे आना कानी कर रहे है। पंचायतो की संबंधित शिकायते और जाँच कार्य भार के प्रभारी बीपीओ के पद पर पदस्थ करन्जू अहिरवार को भी इसके बारे अवगत कराया लेकिन बीपीओ साहब भी जानकारी नही दिला पा रहे है, सरपंच सचिव के घोटालो पर पर्दा डालने मे लगे हुए है।

### इनका कहना है

पंचायत के कामो की जानकारी पंचायत से लो, यदि वो नही दे रहे तो हम क्या कर सकते है।

**करन्जू अहिरवार,**
**बीपीओ जनपद पंचायत पलेरा**

## विवाद के बाद थाने पहुंचे दोनों पक्ष, हुआ राजीनामा

**दिगौड़ा, देशबन्धु।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बम्होरी खास में बस स्टैंड के पास विगत मंगलवार की रात करीब 9:30 बजे दो पक्षों में विवाद हो गया था। इस विवाद के दौरान लोगों की भीड़ जमा हो गई थी। बुधवार को इस घटना को लेकर पुलिस थाना परिसर में दोनों पक्षों की आपसी सहमति बनने पर राजीनामा हो गया है। स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के अनुसार दिगौड़ा निवासी रच्चू राय अपने दो दोस्तों के साथ अपाचे बाइक से बम्होरी गांव के बस स्टैंड पर गए थे। यह तीनों शराब के नशे में थे और बम्होरी के बस स्टैंड के पास स्थित एक दुकानदार शिवम राजपूत के साथ गाली गलौज करने लगे थे। उसने गाली गलौज करने से मना किया तो इन तीनों ने उसकी मारपीट कर दी थी। घटना की सूचना पर शिवम के परिजन मौके पर पहुंचे और विवाद करने वाले युवकों को मना किया तो वह नहीं माने और शिवम के परिजनों से विवाद करने लगे। इतने में यह विवाद बढ़ गया और दोनों पक्षों ने एक दूसरे की मारपीट कर दी। इस दौरान रच्चू का एक दोस्त मौका देखकर अपाचे बाइक को लेकर भाग गया था। इस दौरान लोगों की भीड़ जमा हो गई थी। मौके पर 100 पुलिस पहुंची तब विवाद शांत हुआ था। बुधवार की सुबह एक पक्ष के रच्चू राय दिगौड़ा व उसके दोस्त एवं शिवम राजपूत बम्होरी के परिजन पुलिस थाना परिसर में पहुंचे। दोनों पक्षों की आपसी सहमति बनने पर मामले में राजीनामा हो गया।

# 3 महीने पहले निर्मित स्टॉपडेम कई स्थानों पर हुआ क्षतिग्रस्त



▶ ग्रामीणों ने सरपंच, सचिव एवं उपयंत्री पर भ्रष्टाचार करने के लगाए आरोप, कार्यवाही की मांग

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** जिले की जनपद पंचायत जतारा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत मजगुवां में तीन महीने पहले निर्मित कराया गया स्टॉप डैम कुछ दिनों की बारिश में कई स्थानों से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। स्थानीय लोगों ने ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव, रोजगार सचिव सहित उपयंत्री पर स्टॉप डैम के निर्माण में घटिया मटेरियल सामग्री का उपयोग करने व निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। लोगों ने इस मामले की उच्चस्तरीय जांच कराकर दोषियों पर सख्त कार्यवाही करने की मांग प्रशासन से की गई है।

मजगुवां गांव के भूरे दांगी, ब्रजनंदन दांगी, नाती राजा, पुनिया रजक, कैलाश पाल सहित अन्य लोगों ने बताया है कि ग्राम पंचायत मजगुवां के सरपंच, सचिव, रोजगार सचिव व उपयंत्री की मिलीभगत से गांव के निर्माण कार्यो में घटिया मटेरियल सामग्री का उपयोग कर सही तरीके से निर्माण कार्य नहीं कराया जा रहे हैं। ग्राम पंचायत मजगुवां द्वारा शासकीय भूमि पर तीन महीने पहले गांव में मछली पालन केंद्र के लिए स्टॉप डैम का निर्माण कार्य जेसीबी मशीन की सहायता से कराया गया था।

यह निर्माण कार्य करीबन 5 लाख रुपए की राशि से किया गया था। लोगों ने आरोप लगाए कि ग्राम पंचायत द्वारा घटिया मटेरियल सामग्री का उपयोग कर यह स्टॉप डेम का निर्माण कराया था, जिसमें सीमेंट से पट्टी न बनाकर मिट्टी का उपयोग कर पट्टी का निर्माण कराया था। पिछले दिनों में हुई बारिश के दौरान यह स्टॉप डैम कई स्थानों से टूटकर बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है।

# अनुसूचित जाति में शामिल होने अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे रजक समाज ने किया रक्तदान



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** प्रदेश के रजक (धोबी) समाज को अनुसूचित जाति वर्ग में शामिल करने के लिए विगत 4 दिनों से जिला संयुक्त कार्यालय के सामने अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे समाज के पदाधिकारियों द्वारा रक्तदान किया गया। बुधवार को धरना स्थल पर पहुंची राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की ब्लड कलेक्शन एंड ट्रांसपोर्टेशन की टीम ने समाज के जिलाध्यक्ष नंदलाल रजक तथा बीना से आए संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारी मनोज रजक ने रक्तदान किया।

## अधिकार नहीं मिला तो नहीं करेंगे भाजपा को वोट: नंदलाल

इस मौके पर संगठन के जिलाध्यक्ष नंदलाल रजक ने कहा कि उनका समाज बहुतायत में हमेशा ही भाजपा का समर्थक रहा है।

उन्होने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को उनके समाज की दशा सुधारने की दिशा में पहल करते हुए रजक समाज को अनुसूचित जाति वर्ग में शामिल करना चाहिए। इस अवसर पर कहा गया कि यदि विधानसभा चुनाव 2023 के पहले अगर रजक समाज को उसका जन्मजात अनुसूचित जाति का अधिकार नहीं दिया गया तो मध्य प्रदेश में निवासरत रजक समाज के 26 लाख मतदाता सरकार को उखाड़ने के लिए संकल्पित होंगे। बुधवार को धरना स्थल पर रामू रजक हीरानगर, धर्मेश रजक हीरानगर, वीरेंद्र कुमार रजक देवखा, पप्पू बंटी पुरानी टेहरी, रेखा रजक, गुड्डी रजक, रामबिहारी रजक, छक्की लाल रजक, धनीराम रजक, खज्जू प्रसाद रजक, हरीराम रजक, अनिल रजक, निर्मल कुमार रजक पपौरा एवं बीना से आए संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारी पन्ना लाल रजक, जशरथ रजक, फूलचंद रजक, मनोज रजक, अभय सिंह सोलंकी, गोविंदी रजक, राजेश रजक, कल्याण माते रजक, बृजेंद्र रजक इत्यादि उपस्थित रहे।

# मंदिर दर्शन करने गई युवती नहीं लौटी वापस

कोतवाली थाना में गुमशुदा की लिखी शिकायत, माता-पिता ने युवक पर जताया शक

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** नगर के भैरव मोहल्ला, चौपरा कुआ के पास निवासरत कुशवाहा समाज की 19 वर्षीय युवती मंगलवार की सुबह 7 बजे घर से सिद्ध बाबा मंदिर दर्शन करने के लिए जाने को कह कर लापता हो गई है। दोपहर तक घर वापिस नहीं आने पर परिजनों द्वारा उसकी तलाश में आस पास के घरों तथा उसकी सहेलियों से संपर्क किया गया लेकिन उसका कहीं कोई पता नहीं चला।

युवती के लापता होने पर परेशान माता–पिता द्वारा 11 सितम्बर को थाना कोतवाली में शिकायत दर्ज कराए जाने पर गुमशुदा के संबंध में शिकायत दर्ज कर ली गई जबकि 12 सितम्बर को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे माता–पिता ने एक लड़के को नामजद करते हुए कार्यवाही करने की मांग की है। पुलिस अधीक्षक को दिए आवेदन में लापता युवती के माता–पिता ने कहा है कि उनकी पुत्री को मोहल्ले में ही निवासरत प्रिंस कुशवाहा बहला–फुसला कर एवं धमकी तथा शादी का झांसा देकर अपने साथ ले गया है। युवती के माता–पिता ने पुलिस अधीक्षक को दिए ज्ञापन में युवक का मोबाइल नंबर देकर उसे ट्रेस कराने का आग्रह किया है। परेशान माता–पिता ने आरोपी युवक के विरुद्ध कार्यवाही करने की मांग की है।

## थाना देहात पुलिस ने अवैध रेत परिवहन पर की कार्रवाई

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी द्वारा अवैध रेत परिवहन करने वालों



पर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम सासत्या एवं एसडीओपी टीकमगढ़ राहुल कटरे के मार्गदर्शन में कार्यवाही करते हुये थाना देहात पुलिस द्वारा दिनांक 13/09/23 को ग्राम मवई में कुमरयाना मवई रेलवे पुल के पास से चालक राधाचरण पिता दुर्जन लोधी उम्र 40 साल निवासी ग्राम मवई थाना देहात से लाल रंग का महिन्द्रा कम्पनी का टेक्ट्रर रजिस्ट्रेशन नम्बर एमपी 15 एए 8487 जिसकी ट्राली रेत से भरी थी को जप्त कर चालक के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक मनीष कुमार थाना प्रभारी देहात, प्रधान आरक्षक रविंद्र यादव, आरक्षक अवनीश, सतीश एवं एनआरएस मलखान की सराहनीय भूमिका रही।

# आवास गिराए जाने के मामले में कार्यवाही की मांग



**पलेरा, देशबन्धु।** बीते दिनों नगर के वार्ड क्रमांक 13 में रहने वाले हल्के साहू के आवास को गिराए जाने को लेकर राजनैतिक गलियारों में चर्चाओं का बाजार गर्म है। इस पूरे मामले में फरियादी हल्के साहू द्वारा जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि अतुल खटीक के विरुद्ध जहां प्रशासनिक अधिकारियों को कार्रवाई हेतु आवेदन सौंपे गए हैं तो वहीं इस मामले में निष्पक्ष कार्यवाही करते हुए पूरे षडयंत्र का पर्दाफाश किए जाने की मांग करते हुए जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि अतुल खटीक ने एक शिकायती आवेदन पत्र थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह परिहार को सौपा है। बीते मंगलवार को शिकायती आवेदन पत्र देते हुए आवेदक अतुल तनय नंदराम खटीक ने पुलिस को बताया कि वार्ड क्रमांक 13 में निवासरत हल्के साहू का प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत आवास स्वीकृत हुआ था।

उन्होंने बताया कि उक्त आवास शासकीय भूमि पर बना हुआ है, जिसमें अभी लेंटर डलना शेष है। मौका स्थल पर बल्ली के टूट जाने के कारण आवास क्षतिग्रस्त हुआ है। उन्होंने बताया कि इस पूरे मामले में राजनैतिक षड्यंत्र के तहत मेरी एवं मेरे चाचा वर्तमान जतारा विधायक एवं प्रदेश महामंत्री हरिशंकर खटीक की छवि धूमिल करने के उद्देश्य से झूठी शिकायत की गई है, जबकि शासकीय भूमि पर बनाए जा रहे प्रधानमंत्री आवास के तोड़े जाने से मेरा एवं मेरे परिवार का कोई लेना देना नहीं है। इस पूरे मामले में जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि ने मामले की निष्पक्ष जांच करते हुए दोषियों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

### इनका कहना है

*वर्तमान समय में चुनाव नजदीक है, जिसके चलते मेरे एवं मेरे परिवार के विरुद्ध ऐसी झूठी साजिश रची जा रही हैं। थाने में आवेदन देते हुए निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की गई है।*

***अतुल खटीक, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि पलेरा***

# नगर परिषद अध्यक्ष ने सुनी लोगों की समस्याएं



**जतारा, देशबन्धु।** नगर परिषद अंतर्गत विभिन्न वार्डों की लम्बे समय से लंबित पड़ीं समस्याओं के निराकरण को लेकर नगर परिषद अध्यक्ष ने वार्डवासियों की समस्याओं को सुना और निराकरण भी किया। उक्त जानकारी देते सीएमओ रामस्वरूप पटेरिया ने बताया कि बुधवार को नगर परिषद अध्यक्ष अनुराग रामजी नायक ने दोपहर के समय नगर के विभिन्न वार्डों के लोगों ने अपनी समस्याओं को लेकर आवेदन सौंपे। श्री नायक ने दिये गये आवेदनों को संबंधित कमचारियों को शीघ्र निराकरण करने हेतु निर्देशित किया।

इस प्रकार दिए गए आवेदन में प्रधानमंत्री आवास, वृद्धावस्था पेंशन, नामांतरण जैसे विभिन्न आवेदन दिए गए। अध्यक्ष श्री नायक द्वारा शासन की योजनाओं से लाभान्वित करने हेतु वार्ड नम्बर तीन की महिलाओं को खाद्यान्न पार्ची वितरित की गई । इसके साथ ही आवेदकों के परिवारों को शीघ्र लाभान्वित करने हेतु अवश्वसन दिया गया। इस दौरान भारी संख्या में विभिन्न वार्ड के वार्डवासी मौजूद रहे।

## अनिश्चितकालीन हड़ताल कर रहे पटवारी संघ ने बांधी काली पट्टी



**पलेरा, देशबन्धु।** तहसील कार्यालय में कार्यरत हल्का पटवारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे हुए हैं। बुधवार के दिन तहसील कार्यालय के बाहर धरना स्थल पर बैठे पटवारी संघ ने काली पट्टी बांधकर अपना विरोध जताया। बताया गया है कि ग्राम पंचायत क्षेत्रों से अपने निजी कार्यों के लिए तहसील कार्यालय पहुंच रहे किसानों को पटवारी संघ की अनिश्चितकालीन हड़ताल को लेकर मायूस होकर घर लौटना पड़ रहा है। लंबे समय से धरना स्थल पर बैठे हुए पटवारी की अब तक किसी ने सुध नहीं ली है।

# वारंटी को पकड़ कर न्यायालय में किया पेश



**दिगौड़ा, देशबन्धु।** थाना पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तारी वारंटी को कस्बे से गिरफ्तार कर जिला न्यायालय में पेश किया है। पुलिस थाना से प्राप्त जानकारी के अनुसार टीकमगढ़ कोतवाली के अंतर्गत चोरी के एक मामले में राजकुमार उर्फ रच्चू राय निवासी दिगौड़ा को पुलिस ने गिरफ्तार कर जिला न्यायालय में पेश किया गया है। इस कार्यवाही में प्रधान आरक्षक विजय सिंह व रंजीत सिंह की अहम भूमिका रही।

## शीघ्र मिलेगी अव्यवस्थित ट्रैफिक से निजात

**सिरोंज, देशबन्धु।** एसडीएम हर्षल चौधरी ने एक आदेश जारी कर ट्रक संचालकों को निर्देश दिए थे कि वह अपने ट्रकों को यहां वहां खड़े ना करें जिससे कि आवागमन अवरुद्ध हो परंतु अभी तक इस समस्या से निजात नहीं मिली है। बस स्टैंड पर पत्रकार भवन के सामने और शहर में कई स्थानों पर ट्रक यहां वहां खड़े किए जा रहे हैं जिससे आम जनता को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यही नहीं कई लोग तहसील रोड पर सड़क पर अपना कारोबार कर रहे हैं जिसमें वहां से निकलने वाले नागरिकों को निकलना मुश्किल कर दिया है। कई दुकान ने गाड़ी धोने की के प्रेशर लगा रखे हैं जिससे आये दिन गंदे पानी के छीटों से विवाद की स्थिति बनती है। इसको लेकर हमने एसडीएम हषर्ल चौधरी से बात की तो उन्होंने बताया कि यह बात उनके संज्ञान में है और वह जल्दी इस समस्या से निजात दिलवाएंगे। फिलहाल ट्रांसपोर्टर से उनकी बात हुई है जिसमें यह तय किया गया है जिसमें ट्रांसपोर्टरों द्वारा एक गार्ड की नियुक्ति वहां की जावेगी जिससे ट्रकों की सुरक्षा रहेगी।

# जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि अतुल खटीक ने कराया कन्या भोज



**पलेरा, देशबन्धु।** जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत रतवास के आदिवासी खिरक एवं ग्राम पंचायत सिमरा खुर्द के चैनपुरा खिरक में पहुंचकर जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि अतुल खटीक ने कन्याओं को भोजन कराया। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए उन्होंने कन्याओं के पैर पूजन करते हुए उन्हें भोजन कराया। श्री खटीक ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र में खुशहाली की कामना को लेकर कन्या भोज का आयोजन कराया गया है। इस मौके पर ग्राम पंचायत रतवास सरपंच महेंद्र राजपूत, उपेंद्र दुबे, गोकुल आदिवासी, सतीश चौबे, सिमरा खुर्द जनपद सदस्य जयप्रकाश राजपूत, ब्रजकिशोर लुहार, मोनू यादव, विपिन यादव, संजय यादव, संजू खटीक समेत अन्य ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# ब्लॉक कांग्रेस ने धरना स्थल पर पहुंचकर किया पटवारियों का समर्थन

**सिरोंज, देशबन्धु।** प्रदेशभर के पटवारी संघ के आव्हान पर अपनी अन्य प्रदेशों की तरह ग्रेड पे बढ़ाने की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहकर तहसील प्रागंण में पटवारी संघ अध्यक्ष सुनील यादव के नेतृत्व में पटवारी धरना प्रदर्शन कर रहे हैं।

बुधवार को पटवारियों की मांग का समर्थन करने दोपहर 12 बजे ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश यादव सहित दो दर्जन से अधिक कांग्रेस नेतागण धरना स्थल पर पहुंचकर पटवारियों की मांग का समर्थन कर अपना समर्थन पत्र सौंपा गया।

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश यादव ने बताया कि पूर्व सीएम कमलनाथ ने कहा कि प्रदेश में कॉंग्रेस सरकार



बनते ही पटवारियों की मांग के लिए आदेश निकाला जाऐगा। इस दौरान पटवारी संघ अध्यक्ष सुनील यादव, एडवोकेट मो. असलम सिद्दीकी, अवधनारायण श्रीवास्तव, लेखराज सिंह बघेल, युवा कॉग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष जितेन्द्र बघेल, सुभान गौरी, महिला कॉग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष रानी साहू, बिलकिस जहां, नसरीन बी, रामदुलारी पाठक, मनोज पाराशर, पंकज श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## सार समाचार

### एक देश एक चुनाव से संबंधित वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन



दमोह देशबन्धु। स्थानीय ज्ञानचंदश्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में युवा उत्सव कार्यक्रम में एक देश एक चुनाव से संबंधित वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्राचार्य डॉ. के पी अहिरवार द्वारा विद्यार्थियों को लोकतंत्र की बारीकियों से अवगत कराया गया तथा एनएसएस जिला संगठन डॉ. जितेंद्र चौधरी द्वारा मतदाता जागरूकता के अंतर्गत लोकतंत्र के नारे भी लगवाए गए। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने एक देश एक चुनाव से संबंधित अपने विचारों को प्रस्तुत किया वही विपक्ष में एक देश एक चुनाव न होने के संबंध में भी विचार रखें। कार्यक्रम में डॉ. एन पदमा कुमार, डॉ. बी. रैकवार, मुनमुन सेन, विनोद साहू, नाजनीन बेगम निर्णायक के रूप में रहे। इस अवसर पर एनएसएस पूर्व जिला संगठन डॉ. कमल चौरसिया, डॉक्टर सविता जैन आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अनिल यादव एवं डॉ. रमेश प्रसाद अहिरवार ने किया।

### 3 दिवसीय आजीविका मेले का आयोजन 26 से 28 सितम्बर तक

दमोह देशबन्धु। 03 दिवसीय आजीविका मेला एवं म.प्र. शासन, ग्रामीण विकास विभाग की योजना पर्यावरण मित्र के अंतर्गत जिले के विकासखण्डों में गठित संकुल स्तरीय संगठनों को स्कूटी वितरण कार्यक्रम का आयोजन 26 से 28 सितम्बर 2023 तक किया जाना प्रस्तावित है। ज्ञातव्य है कि पूर्व में इस कार्यक्रम का आयोजन 13 सितम्बर से 15 सितम्बर तक किया जाना निर्धारित किया गया था। जो कि अपरिहार्य कराणों से स्थगित कर दिया गया है। जिला परियोजना प्रबंधक म.प्र.डे-राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन तिनेन्द्र अहिरवार ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी से कहा है कि कार्यक्रम आयोजित किये जाने हेतु 26 से 28 सितम्बर तक मानस भवन आरक्षित किया जाये, जिससे आजीविका मेले का आयोजन किया ।

सरपंच, सचिव सहायक,सचिव की बैठक

# समय सीमा में कार्य पूर्ण करें: सिंह



**दमोह/नोहटा देशबन्धु।** जबेरा विधायक धर्मेंद्र सिंह लोधी की अध्यक्षता में जनपद जबेरा के समस्त सरपंच, सचिव सहायक,सचिव की बैठक मंगल भवन जबेरा में बैठक संपन्न हुई। जिसमें जबेरा विधायक ने सभी सरपंच, सचिव, सहायक सचिव को निर्देश करतें हुए कहा कि पंचायत स्तर के जितने भी अधूरे कार्य पड़े उनको जल्द से जल्द पूर्ण करें जिससे पंचायत स्तर में निवासरत ग्रामीण जनों को कार्यो का लाभ प्राप्त हो सके उन्होंने कहा कि आप सभी ईमानदारी से सेवा की भावना से कार्य करेंगे तो कोई भी गरीब पात्र परिवार योजनाओं से वंचित नहीं रह सकता क्यों की लगभग सभी योजनाएं पंचायत से ही प्रारंभ होती है और अगर किसी को कोई समस्या होती है तो हमसे सूचना दें हम निराकरण हेतु पूर्ण सहयोग करेंगे। इस बैठक में जबेरा तहसीलदार विवेक व्यास, जबेरा जनपद सीईओ रामेश्वर पटेल, महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी रिंकल घनघोरिया जी, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग अधिकारी शिवाजी राव ,सांसद प्रतिनिधि रूपेश सेन,मंडल अध्यक्ष राजेश सिंघई, सत्येन्द्र सिंह लोधी, सहित बड़ी संख्या नागरिक जनों की उपस्थिति रही। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने सुनवराह, सिंगपुर, वंशीपुर, मनगुवां मानगढ़,मझगुवां मानगढ़ में विधायक जी के समक्ष नवीन आंगनबाड़ी भवनों की मांग रखी।जिसको स्वीकारते हुए विधायक ने कहा कि जल्द से जल्द नवीन आंगनबाड़ियों की स्वीकृति दिलाने का प्रयास करूंगा।

## हटा विधायक तंतुवाय ने अमृत कलश में अर्पित की मिट्टी



**दमोह देशबन्धु।** युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा संचालित नेहरू युवा केंद्र संगठन जिला दमोह में मेरी माटी मेरा देश अभियान के अंतर्गत हटा विधानसभा क्षेत्र की विधायक पुरुषोत्तम लाल तंतुवाय एवं विधानसभा संयोजक लक्ष्मण तिवारी ने नेहरू युवा केंद्र हटा के अमृत कलश में मिट्टी को अर्पित कर वीरों को नमन किया।

## आयुष्मान भव: अभियान शुभारंभ पर फूड बॉस्केट का किया वितरण



**दमोह देशबन्धु।** जिला स्तर पर आयोजित आयुष्मान भवरू अभियान का शुभारंभ वरिष्ठ समाज सेवी प्रीतम सिंह लोधी द्वारा किया गया। इस मौके पर अखिल भारतीय स्तर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु द्वारा शुभारंभ किये गये आयुष्मान भव: कार्यक्रम को वर्चुअल रूप से जुड़कर देखा व उनके संदेश को सुना गया। राज्य स्तर पर शुभारंभ स्वास्थ्य मंत्री प्रभुराम चौधरी के गरिमामयी उपस्थिति मे हुआ। इस अवसर पर सुरेश पटेल, जिला प्रशासन से महिला सशक्तिकरण अधिकारी संजीव मिश्रा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सिविल सर्जन, जिला स्वास्थ्य अधिकारी, चिकित्सक सहित स्वास्थ्य अमले से जुड़े कर्मचारीगण मौजूद रहे। जिला परिसर प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ समाज सेवी प्रीतम सिंह लोधी ने टीबी की बीमारी से उपचाररत दो मरीजों के शीघ्र स्वास्थ्य संवर्धन के लिये फूड बॉस्केट का वितरण किया गया तथा मृत्यु के बाद अंगदान करने आमजनो को प्रेरित करने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम के दौरान जिले के नि:क्षय मित्रो को सम्मानित भी किया गया।

## शोभायात्रा और स्थापना महोत्सव को लेकर तैयारियां



**दमोह देशबन्धु।** रुक्मिणी देवी की मूर्ति स्थापना के पूर्व एक भव्य शोभा यात्रा को निकला जाना है जिसको लेकर लगातार तैयारी चल रही है। ज्ञात हो कि वर्ष 2002 में कुंडलपुर क्षेत्र के रुक्मणी मठ से रुक्मिणी देवी की मूर्ति चोरी कर ली गई थी। जिसे संबंधित विभाग के द्वारा राजस्थान के हिंडोला क्षेत्र से बरामद कर लिया था। लंबे समय तक यह मूर्ति विदिशा जिले के ग्यारसपुर संग्रहालय में रखी रही। दमोह सांसद तथा भारत सरकार के केंद्रीय राज्य मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने लगातार इस मूर्ति को वापस लाने के लिए प्रयास किया और यह मुद्दा संसद में भी उठाया गया। जिसके बाद रुक्मिणी देवी की मूर्ति वापस लाने में सफलता मिल गई और यह मूर्ति वर्तमान में दमोह जिला मुख्यालय पर दमयंती संग्रहालय में रखी हुई है।

अब यही मूर्ति वापस रुक्मणी मठ में 22 सितंबर को विधि विधान के अनुसार स्थापित कर दी जाएगी। दमोह सांसद तथा भारत सरकार के केंद्रीय राज्य मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल स्वयं कार्यक्रम को लेकर निगरानी कर रहे हैं और दिशा निर्देश दे रहे हैं। कार्यक्रम भव्य हो प्रत्येक वर्ग और समुदाय की इसमें सहभागिता हो इसके लिए एक वृहद बैठक का आयोजन किया गया था जिसमें सभी ने उपस्थित होकर सहयोग करने का संकल्प लिया था। आज 13 सितंबर को दमोह सांसद निवास पर दमोह जिले के युवाओं की एक बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम भव्य हो इसके लिए चर्चा और सुझाव के बाद कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। रानी दमयंती पुरातत्व संग्रहालय से यात्रा प्रारंभ होगी घंटाघर, पुराना थाना महाकाली चौक पठानी मोहल्ला धरमपुरा होते हुए बांदकपुर होते हुए पटेरा पहुंचेगी। प्रात: 10रू00 बजे यात्रा प्रारंभ होगी जिसमें हजारों की संख्या में राष्ट्रभक्त सहभागिता करेंगे। आज आयोजित बैठक में बड़ी संख्या में युवाओं का प्रतिनिधित्व करने वाले युवाओं की उपस्थिति रही।

## मनुष्य जन्म से देव या दानव नहीं बनता, कर्म उसे बनाते है:पं. पाठक



**गंजबासौदा, देशबन्धु।** जीव को मानव के रुप में धरा पर भेजता है। लेकिन उसके कर्म उसे देवता और दावन तुल्य बनाते हैं। मरुधर की धरती पर जन्म लेने वाला भैरव एक साधारण वैश्य परिवार का था। लेकिन आदेश की अवज्ञा और उसके कर्मों के कारण गुरु को श्राप देना पड़ा। उसने मानव का चोला छोडा और दानव बना। जब उसका आतंक दानव रुप में बड़ा तो भगवान श्रीरामदेव को उसका संहार करना पड़ा। यह बात पडिंत हरिनारायण पाठक ने बरीघाट बेतवा मार्ग स्थित मंदिर परिसर में चल रही भगवान श्रीरामदेव की कथा के चौथे दिन कही। राक्षस आदू और भैरव वध का प्रसंग सुनाते उन्होंने कहा कि मानव जीवन के प्रथम गुरु माता पिता होते है। दूसरा गुरु हमें शिक्षा और संस्कार देता है। जीव चौरासी लाख योनियों के बाद परमात्मा की कृपा दुर्लभ मानव देह पाता है। इस लिए हमें ऐसे कर्म करना चाहिए। इससे सद्गति मिल सके। सद् का अर्थ सद्भाव से है। सद्भाव के लिए जीवन में संत जैसे आचरण, सादगी होना जरुरी है। यह तभी संभव होगा। जब हमें सच्चे गुरु की कृपा मिले। संत का सत्संग मिले जब गुरु की कृपा होगी। और संत का सत्संग मिलेगा। हमारे आचरण बदलेंगे। सदाचरण आने से सद्कर्म का मार्ग प्रसस्त होगा। कर्म अच्छे होंगे तो जीवन में ईश्वर की कृपा मिलेगी। सद्गति मिलेगी। कथा के दौरान भेरू राक्षस के मंच पर कई जीवंत सीन भी दिखाए।

### भक्ति से वंचित होने से मानव परेशान: पं. तिवारी



**सिरोंज, देशबन्धु।** बाबा अमरनाथ बर्फानी दरबार में चल रही भागवत कथा के 6वें दिन कथा व्यास पं. राममोहन तिवारी ने कहा कि भगवान की भक्ति और कृपा संसार में विरले भक्तों को ही प्राप्त होती है और जिनको जीवन में भक्ति रूपी प्रभु कृपा मिलती है वह जीवन में हर प्रकार के सुखों का भोग स्वत: ही करते हैं,परन्तु वर्तमान युग में मानव भक्ति कृपा से वंचित होने के कारण परेशान है। दान की शक्ति, ध्यान की शक्ति, ज्ञान की शक्ति और इस आधुनिक युग में विज्ञान की शक्ति ही सर्वोच्च है। हम सब जीवन में सुख और शांति की कामना करते हैं, परन्तु देखने में आ रहा है कि हम सबके पास सुख के साधन तो भरपूर हैं, परन्तु हम सब वर्तमान समय में शांति से वंचित हैं क्योंकि हम प्रभु भक्ति से दूर होते जा रहे हैं, यदि जीवन में आत्म संतुष्टि चाहते हो तो सत्य सनातन के द्वारा प्रतिपादित सिंद्धान्तों को जीवन में धारण करो और अपनी नवीन पीढ़ी को सनातन सिंद्धान्तों का अनुगामी बनाओ। बुधवार को भागवत कथा में कालिया नाग मर्दन,चीर हरण,तृणावत,वकासुर,की कथा के साथ उद्धव चरित्र, गोपी लीलाओं का वर्णन कथा व्यास ने किया। अमरनाथ बर्फानी सेवादल के सभी सदस्यों ने पुष्प वर्षा, अबीर गुलाल एवं चंदन तिलक लगाकर स्वागत किया। कथा समापन पर गुरुवार को पूर्णाहुति और भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

### स्वास्थ्य विभाग के दल ने वनग्रामों में किया ग्रामीणों का उपचार

**हरदा, देशबन्धु।** टिमरनी विकासखण्ड के वनग्राम रवांग के बनियाढाना में बीमारी की सूचना पर गत दो दिनों से स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सा दलों द्वारा निरंतर भ्रमण कर ग्रामीणों का उपचार किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह ने बताया कि भ्रमण के प्रथम दिवस 66 ग्रामीणों का उपचार किया गया, जो मौसमी बीमारियों से पीड़ित थे। भ्रमण के दूसरे दिन मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सिंह, ने क्षेत्र का निरीक्षण किया, जहां खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ.एम.के.चौरे चिकित्सा दल के साथ उपस्थित थे। चिकित्सा दल ने ढाने के प्रत्येक घर में क्लोरीन टेबलेट का वितरण किया तथा सामान्य मौसमी बीमारियों से पीड़ित 16 मरीजों का उपचार कर दवाईयां प्रदान की। सीएमएचओ डॉ. सिंह ने जिला मलेरिया अधिकारी को क्षेत्र में एक्टिव फीवर सर्वे एवं डेंगू मलेरिया से संबंधित सर्वे व प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करने के लिये निर्देशित किया। उन्होंने ग्राम में सरपंच व सचिव से चर्चा कर ढाने में साफ सफाई कराने के लिये कहा। ढाने में प्रत्येक घर में पशुपालन किया जाता है, इस संबंध में उन्होने पशु चिकित्सा विभाग के अधिकारियों से भी चर्चा की।

## माला मानगढ़ में नि:शुल्क नेत्र शिविर संपन्न



**दमोह देशबन्धु।** भाजपा जिला उपाध्यक्ष जनपद अध्यक्ष प्रति विनोद राय द्वारा प्रत्येक माह की 13 तारीख़ को सदगुरु सेवा चित्रकूट के डॉक्टर द्वारा नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र से आये हुये 103 मरीजो की आँखों कि जाँच कि गई। जिसमें से 42 लोगो के लिये ऑपरेशन के लिए चित्रकूट ले जाया गया। शिविर में मरीजों के लिए भोजन की व्यवस्था विनोद राय द्वारा की जाती है। कार्यक्रम में व्यवस्था के रूप में जनपद अध्यक्ष के सुपुत्र शुभम राय के द्वारा पूर्ण सहयोग किया गया।

### किसानों और कृषक समूहों को किया जाएगा पुरस्कृत

**हरदा, देशबन्धु।** कृषि विस्तार सुधार कार्यक्रम आत्मा के तहत जिले में विकासखण्ड स्तरीय प्रति कृषक पुरस्कार के लिये उन्नतशील कृषकों एवं समूहों से आवेदन पत्र 9 अक्टूबर तक आमंत्रित किये गये हैं। उपसंचालक कृषि एम.पी.एस. चन्द्रावत ने बताया कि वर्ष 2022-23 में कृषकों द्वारा अपनाई गई कृषि तकनीक, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य पालन, कृषि अभियांत्रिकी में उपज एवं उत्पादकता के आधार पर पृथक-पृथक प्रति विकासखण्ड सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार एवं जिला स्तरीय सर्वोत्तम कृषक समूह पुरस्कार एवं 10 जिला स्तरीय सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार दिये जायेंगे।

## नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर में 49 लोगों की आंखों में मिला मोतीयाबिंद



**गंजबासौदा, देशबन्धु।** स्थानीय मिल रोड स्थित सतगुरु विजन सेंटर पर स्व.नारायण सदाशिव पिगले सेवा संस्थान के सहयोग से सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट आनंदपुर के नेत्र चिकित्सक डॉक्टर रवि कुशवाहा, राजकरण वर्मा ने लगभग 125 मरीजों के नेत्रों की जांच कर उन्हें नेत्र रोगों से बचाव एवं नेत्रों की सुरक्षा करने के उपायों के बारे में विस्तार से समझाते हुए कहा कि प्रत्येक नागरिक को 35 वर्ष की उम्र के पश्चात अपने नेत्रों का परीक्षण अवश्य करवाना चाहिए। शिविर में अध्यक्षता मानव अधिकार सुरक्षा संगठन के प्रांतीय प्रभारी डॉ एके जैन ने की एवं विशेष अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष गणेशाम रघुवंशी उपस्थित थे। शिविर में लगभग मरीजों को 49 मोतियाबिंद चयनित किया गया एवं 57 मरीजों को नि:शुल्क दवाइयों का वितरण किया गया वहीं पर 26 मरीजों को चश्मे के नंबर निकालने की सलाह दी गई एवं 23 मरीजों को चश्मे प्रदान किए गए। इस अवसर पर समाजसेवी डॉ एके जैन ने कहा कि नेत्र रोगियों की सेवा करना सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट आनंदपुर किस दिशा में महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है वह प्रतिवर्ष स्व: रणछोड़ दास महाराज के आशीर्वाद से 40 हजार से अधिक ऑपरेशन होते हैं वहीं समाजसेवी सुनील बाबू एवं जिला अध्यक्ष गणेशाम रघुवंशी ने कहा कि आगामी दिनों में इस तरह के शिविरों का आयोजन ग्रामीण क्षेत्रों में भी किया जावेगा जिससे नेत्र रोगियों की संख्या में लगातार कमी हो जाएगी शिविर में विजय अरोरा जीतू पाठक, दौलत सिंह जादौन,नीलम सिंह दांगी सहित सभी लोगों ने नेत्रों की जांच एवं दवाइयों के वितरण में एवं बीपी और शुगर परीक्षण में अपना सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

# प्रतिबंधित रेत का परिवहन करते ट्रक को पकड़ा, चालक फरार

**मुरैना, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिहं चौहान निर्देशन एवं मार्गदर्शन में अवैध रूप से रेत तथा खनीज पदार्थों का उत्खन्न तथा परिवहन की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत थाना सरायछोला पुलिस ने अल्ला बेली चौकी पर चेकिंग के दौरान बुधवार की सुबह रेत का अवैध परिवहन करते हुए ट्रक को जप्त कर लिया है, जबकि आरोपी ट्रक ड्राइवर मौके से फरार हो गया।

मुखबिर सूचना पर कार्यवाही करते हुये थाना प्रभारी दर्शन लाल शुक्ला ने पुलिस टीम के साथ अल्लाबेली चेंकिग पॉईंट पर ट्रक क्रमांक आरजे11-जीए- 9250 को रोकने का प्रयास किया, परंतु ट्रक के चालक द्वारा ट्रक को नहीं रोका गया। बाद में पुलिस पार्टी द्वारा ट्रक को रोकने का प्रयास किया गया तो ट्रक का चालक ट्रक को चालू हालत में हाईवे पर चलते हुए ट्रक से कूद गया। जनहानि की घटना को रोकने का प्रयास करते समय ट्रक ड्रायवर मौके से भागने में सफल हो गया। बाद में उक्त ट्रक डिवाईडर से टकराकर रूक गया, जिसे थाना सरायछोला पुलिस ने जप्त कर चालक के विरुद्ध धारा 379, 414, 279, 336 ताहि तथा धारा 18 (1) म.प्र. खनिज (अवैध खनन परिवहन तथा भण्डारण का निवारण) अधिनियम 2006 तथा धारा 21 खान एवं खनिज (विनिमय एवं विकास ) अधिनियम 1957 का मामला दर्ज किया है। बरामद किए गए रेत एवं ट्रक की कुल कीमत 25 लख रुपए बताई गई है। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी सरायछौला निरीक्षक दर्शन शुक्ला, उनि अविनाश सिंह राठौड, उनि सौरभपुरी, प्र. आर. भानू यादव, आर. जीतेन्द्र गुर्जर, आशाराम गुर्जर, असगर, लखनप्रताप, धर्मेन्द्र, राधेश्याम, रामलक्ष्मण, वीरेन्द्र सिंह की सराहनीय भूमिका रही।

**जौरा पुलिस ने पकड़ी 7 पेटी अवैध शराब, 10 स्थाई वारंटी भी हुए गिरफ्तार** : जिले भर में पुलिस पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अवैध शराब निर्माण एवं परिवहन करने वाले माफियाओं के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने अवैध शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, वहीं स्थाई वारंटी कि घर पकड़ के दौरान 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार नगर निरीक्षक आलोक सिंह परिहार को ग्राम अलापुर में अवैध शराब होने की जानकारी मिलने पर मुखबिर द्वारा बताए गए स्थान पर की गई छापामार कार्यवाही में भूसे में छुपाकर रखी गई 7 पेटी अवैध देशी शराब पकड़ी गई।

उक्त अवैध शराब अतरा उर्फ अतर सिंह जाटव के यहां मिली। पुलिस ने मौके से आरोपी अतर सिंह जाटव को गिरफ्तार किया गया है, वहीं स्थानीय पुलिस ने काफी समय से फरार चल रहे स्थाई वारंटी नीरज शर्मा बिलगांव, धर्मेंद्र सांवलिया का पुरा, रमेश कुशवाह डगरिया पुरा, रामअवतार यादव परसोटा, जगन्नाथ, घनश्याम खिरिया, कला सिंह कुशवाह पुराना जौरा को गिरफ्तार किया है। इस कार्यवाही में उपनिरीक्षक सुरेश मिश्रा, यशपाल सिंह, गुलाब सिंह बाथम, भूपेंद्र सिंह, रामेंद्र सिंह, गुलाब सिंह जाटव, जितेंद्र सिंह, नकुल सिंह, प्रवीण आदि पुलिसकर्मियों का सराहनीय योगदान रहा।

### हाईवे पर ट्रैक्टर ट्रॉली में ट्रक ने मारी टक्कर, एक की मौत


**मुरैना, देशबन्धु।** सराय छोला थाना अंतर्गत बाबा देवपुरी के पास नेशनल हाईवे पर बुधवार की सुबह मुरैना से धौलपुर जा रहे एक ट्रैक्टर ट्राली को सामने से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी, जिससे एक युवक की मौत हो गई तथा दूसरा घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतक युवक का पीएम करने के बाद लाश उसके परिजनों को सौंप दी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रघुराज पुत्र केशव प्रजापति 34 वर्ष निवासी शहनाई रिसोर्ट के पास जौरा रोड मुरैना अपनी मौसी के लडके धर्मेंद्र पुत्र केदार प्रजापति निवासी विशाल कान्वेंट स्कूल के पास के साथ ट्रैक्टर ट्राली से धौलपुर जा रहा था। बुधवार की सुबह जब उसकी ट्रैक्टर ट्राली बाबा देवपुरी मंदिर के पास पहुंची तो नेशनल हाईवे पर सामने से आ रहे एक ट्रक ने जबरदस्त टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में रघुराज की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि धर्मेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद ट्रक चालक को ट्रक सहित पकड़ लिया गया है तथा पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज किया है। इधर पुलिस द्वारा मृतक का पीएम कराकर लाश उसके परिजनों को सौंप दी है।

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय MINISTRY OF PETROLEUM AND NATURAL GAS

G20

MPIDC

# आभार प्रधानमंत्री जी




## ₹49 हजार करोड़
के बीना रिफाइनरी
पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स
एवं
## ₹1800 करोड़
की औद्योगिक परियोजनाओं
का
## शिलान्यास



# नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री
के कर-कमलों द्वारा

**14 सितम्बर, 2023 | प्रात 11:00 बजे**
बीना रिफाइनरी परिसर, हड़कल
सागर, मध्यप्रदेश



### पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स की मुख्य विशेषताएं
- प्रतिवर्ष 2,200 किलो टन विभिन्न प्रकार के पेट्रोकेमिकल्स का उत्पादन
- 1 लाख से अधिक लोगों को रोज़गार के अवसर
- फाइबर, पेंट्स, प्लास्टिक, ऑटोमोटिव पार्ट्स जैसे उद्योगों में बढ़ोतरी
- प्रतिवर्ष लगभग ₹ 20,000 करोड़ की विदेशी मुद्रा की बचत

### अन्य औद्योगिक परियोजनाओं के लाभ
- ₹1 लाख करोड़ का निवेश
- लगभग 2.36 लाख रोज़गारों का सृजन
- नये आईटी पार्क्स, आईटी और आईटीईएस क्षेत्रों का तेज विकास
- वस्त्र, ऑटोमोबाइल, फार्मास्युटिकल्स इकाइयों के लिए नये अवसर

सीधा प्रसारण http://pmindiawebcast.nic.in DD News @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

सशस्त्र सेना झण्डा दिवस निधि मध्यप्रदेश में दान दें
QR CODE

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
मध्यप्रदेश शासन
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2023
D-11101/23


स्वामी पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि.के लिए प्रकाशक गिरिराज चाचा मुद्रक गिरिराज चाचा द्वारा दैनिक भास्कर प्रेस (डी बी कार्प लि.) प्लाट नं. 36 इंडस्ट्रीयल एरिया सागर म.प्र. सागर से मुद्रित एवं 56 अग्रवाल बिल्डिंग एक्सिस बैंक के पीछे 10 सिविल लाईन्स, सागर मप्र से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली*** प्रबंध संपादक **डॉ. योगेश दत्त तिवारी** फोन 07582-228742 ई-मेल. deshbandhusgr@yahoo.in **प्रेस पंजीयन-** MPHIN/2016/69061 समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

## सार-समाचार

### 18 को नि:शुल्क वितरित होंगे मिट्टी के श्री गणेश

**सागर, देशबन्धु।** हरतालिका तीज के अवसर पर प्रतिवर्ष की भांति 18 सितंबर सोमवार को एकता कॉलोनी में गणेश जी की मिट्टी की प्रतिमाओं का नि:शुल्क वितरण किया जाएगा। संयोजक दिनेंद्र पांडे ने बताया कि श्री गणेश शरण मंडल के सौजन्य से अध्यक्ष पं. राम अवतार पांडे के मुख्य आतिथ्य और ज्योतिष आचार्य पं. आरएन तिवारी तथा विशेष अतिथि वार्ड पार्षद संगीता जैन और महापौर सहायक पं रिशांक तिवारी द्वारा एकता कॉलोनी श्री चंद्रमोलेश्वर शिव मंदिर उद्यान में शाम 5 बजे मिट्टी के श्री गणेश की 201 प्रतिमाओं का निशुल्क वितरण किया जाएगा।

### कुर्मी क्षत्रिय महासभा का सम्मेलन 16 को

**सागर, देशबन्धु।** अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा का सम्मेलन 16 सितंबर सुबह 11बजे से रविन्द्र भवन में आयोजित होगा। मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद राजमणि पटेल एवं पूर्व मंत्री विधायक कमलेश्वर पटेल रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा के प्रदेशाध्यक्ष महेंद्र सिंह पूर्व डिप्टी कलेक्टर करेंगे।

### नव मतदाताओं को मतदाता सूची में जुड़वाने के लिए प्रेरित करें

**सागर, देशबन्धु।** भाजपा सागर ग्रामीण मण्डल के शक्ति केन्द्रों की बैठक पथरिया जाट स्थित कर्मादेवी मंदिर में संपन्न हुई। जिसमें विधायक प्रदीप लारिया सम्मिलित हुए। यहां उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं से कहा कि आप लोग मतदाताओं को मतदान करने जागरूक करें एवं मतदाता सूची में नव मतदाता ज्यादा से ज्यादा नाम जुड़वाने इसके लिए प्रेरित करें।

### ग्राम पंचायत लरेठी ग्राम का पानी का टैंकर हुआ चोरी

**बण्डा, देशबन्धु।** बण्डा थाना की बरा चौकी अंतर्गत ग्राम पंचायत लरेठी ग्राम के पानी का टैंकर अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। जिसकी सूचना ग्राम रोजगार सहायक प्रतापभानु दुबे ने बरा चौकी में आवेदन के माध्यम से की है। आवेदन में उल्लेख है कि ग्राम पंचायत लरेठी के अंतर्गत ग्राम विजयपुरा सिग्रावन रोड पर मुक्तिधाम का कार्य चल रहा है जहां से अज्ञात चोर पानी के टैंकर को चोरी कर ले गए। पुलिस जांच पड़ताल में जुटी।

# जल बचाने का आवाहन कर जल बचाओ संगोष्ठी आयोजित



**मकरोनिया, देशबन्धु।** जल बचाओ, जीव बचाओ, जल ही जीवन है, जल को व्यर्थ मत बहाओ, यह उद्गार मुनिश्री सुदत्तसागर ने भारतीय जैन संघटना द्वारा आयोजित सकल जैन समाज जल क्रांति कार्यक्रम के दौरान व्यक्त किया। आशीर्वाद में उन्होंने कहा तालाबों का गहरीकरण और जल सहेजने के अभियान को जैन संघटना की राष्ट्रीय व प्रदेश इकाई मिलकर कार्य कर रही है।

आप तन मन धन से सहयोग करें। क्षुल्लक श्री चंद्र दत्त सागर ने कहा नहाने, कपड़े धोने, ब्रश करने में, सफाई, बर्तन मांजने में, गाड़ी आदि धोने में कम से कम जल का प्रयोग करें। जल बचेगा तो जीव बचेगा। अनर्थदंड नहीं होगा। भारतीय जैन संघटना मप्र पूर्व क्षेत्र के अध्यक्ष डॉ. विमल जबलपुर, चैप्टर अध्यक्ष रजनीत जैन एवं पुणे से पधारे जल क्रांति कार्यक्रम के हेड महेश कुलकर्णी एवं अमोल का स्वागत बीजेएस जिला अध्यक्ष मनोज जैन लालो, सचिव सुकमाल जैन, कोषाध्यक्ष संजय दिवाकर, उपाध्यक्ष प्रो. अमरचंद जैन, मंदिर कमेटी अध्यक्ष अशोक जैन पटवारी, कमलेश चौधरी ने किया संघटना के कार्यकर्ताओं व अतिथियों ने विस्तार से जल संवर्धन एवं जल बचाने की योजनाओं को बताया। संपूर्ण देश में जल क्रांति द्वारा जल बचाने की मुहिम चला रहे भारतीय जैन संघटना ने सभी संतों का आशीर्वाद लेकर योजना प्रारंभ की। मुनि संघ ने लोगों से तालाब को गोद लेने, गहरीकरण कर पानी सहेजने के लिए उपदेश दिया।

## प्रधानमंत्री यात्रा के लिए चार मंत्रीगण मिनिस्टर इन वेटिंग नामित

**सागर, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 14 सितम्बर को मध्यप्रदेश की यात्रा के लिए 4 केबिनेट मंत्री मिनिस्टर इन वेटिंग नामित किये गये हैं। गृह, जेल एवं संसदीय कार्य मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा भोपाल विमानतल पर प्रधानमंत्री मोदी की अगवानी करेंगे। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेन्द्र सिंह बीना हैलीपेड पर प्रधानमंत्री के आगमन पर स्वागत करेंगे। राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत प्रस्थान के समय प्रधानमंत्री मोदी को विदाई देंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बीना में होने वाले मुख्य कार्यक्रम स्थल पर लोक निर्माण मंत्री गोपाल भार्गव अगवानी और विदाई करेंगे।

# जैन मिलन इंजीनियर्स का सम्मान करेगा



**मकरोनिया, देशबन्धु।** जैन मिलन मकरोनिया क्षेत्र क्र. 10 की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें निर्णय लिया की इंजीनियर्स-डे पर इंजीनियर्स का सम्मान किया जावेगा। दसलक्षण महापर्व के अवसर पर जैन मिलन द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी सांस्कृतिक कार्यक्रम किए जाने का निर्णय लिया एवं 19 सितम्बर को श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर अंकुर कॉलोनी में भव्य संगीतमय भजन प्रतियोगिता, 20 सितम्बर को श्री रिषभनाथ देवस्थानम क्षमा सागर में भव्य भजन प्रतियोगिता 21 सितंबर को श्रीचंद्र प्रभु जिनालय आनंद नगर में पार्श्वनाथ नाटक का मंचन 22 सितंबर को श्री महावीर दिगंबर जैन मंदिर नेहा नगर में भव्य संगीतमय भजन प्रतियोगिता का आयोजन किया जावेगा। इसी प्रकार श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर दीनदयाल नगर एवं श्री अंकुर एनक्लेव में भी भव्य भजन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। अध्यक्ष सुरेश जैन ने बताया कि इंजीनियर्स-डे पर इंजीनियर्स का सम्मान 15 सितंबर को मुनि श्री सुदत्त सागर एवं श्री चंद्रदत्त सागर के सानिध्य में ट्रस्ट कमेटी श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर एवं राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय पदाधिकारी के आथित्य में संपन्न किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से सुरेश जैन, रविंद्र जैन, राजेश जैन, हेमचंद जैन, संपत जैन, आलोक जैन, पीसी जैन, एसके जैन, अशोक जैन, कमल जैन, डॉ. अमरचंद जैन, संजय जैन, संतोष जैन, पीसी जैन आदि मौजूद थे। कार्यक्रम के अंत में वीर पवन जैन द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

# बाइक ने एबुलेंस को मारी टक्कर



**बीना, देशबन्धु।** खुरई के घोरट रोड पर पेट्रोल पंप के पास शराब के नशे में दो बाइक सवारों ने लापरवाही से बाइक चलाते हुए एबुलेंस को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक और ऐंबुलेंस क्षतिग्रस्त हो गई और दोनों बाइक सवार घायल हो गए। जानकारी के मुताबिक बाइक क्रमांक एमपी 15 जेडडी 0493 पर सवार जगदीश पुरा निवासी कन्नी पिता खुर्दवले अहिरवार 22 और रामपाल पिता सियाराम अहिरवार बताये जा रहे हैं। जिनमें से कन्नी को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि घटना के समय बाइक बहुत तेज रफ्तार में थी। दोनों के पास से शराब की बोतल भी मिली है, पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# मंत्री भूपेंद्र सिंह अचानक पहुंचे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र और बालिका छात्रावास



**मालथौन, देशबन्धु।** मंत्री भूपेंद्र सिंह ने प्रात: 10. 30 बजे मालथौन के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र और बालिका छात्रावास का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान मंत्री श्री सिंह ने यहां के स्वास्थ्य केन्द्र में टेक्नीशियन की व्यवस्था करने, पर्याप्त विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने, पार्क और फर्श का निर्माण कार्य एक हफ्ते में पूरा करने, सीसी रोड और नालियां बनाने सहित अनेक कार्य स्वीकृत किए। बालिका छात्रावास परिसर में सीसी रोड बनाने, पार्क, बैडमिंटन कोर्ट, कबड्डी मेट, खाद्यान्न बढ़ाने, रसोइयों की संख्या बढ़ाने सहित कई निर्देश समयावधि सहित दिए। मंत्री श्री सिंह ने स्वास्थ्य केन्द्र में पहुंच कर दरवाजे से ही मरीजों से पूछताछ करते हुए परेशानी और हालचाल पूछा। ओपीडी, वार्ड, प्रसव कक्ष, क्षयरोग वार्ड, कुपोषित बच्चों के वार्ड, पैथालॉजी, एक्स-रे रूम सहित प्रत्येक हिस्से का निरीक्षण किया। बीएमओ कक्ष में बैठकर चिकित्सकों व नगर परिषद अध्यक्ष जयंत सिंह बुंदेला से चर्चा करते हुए समस्याओं और आवश्यकताओं की जानकारी लेते हुए मंत्री भूपेंद्र सिंह ने अधिकारियों को दूरभाष पर निर्देश दिए। नप सीएमओ संजय समुद्रे को सफाई व निर्माण संबंधी निर्देश दिए। भोपाल कार्यालय फोन कर मालथौन, बरोदिया, बांदरी में स्वीपिंग मशीने स्वीकृत करते हुए शीघ्र भिजवाने के निर्देश दिए। एक नर्स ने स्वीकृत हुए आवास की चाबी नहीं मिलने की समस्या रखी। मंत्री श्री सिंह ने संज्ञान लेते हुए आवास की चाबी तुरंत नर्स को सौंपने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य केन्द्र परिसर से निकल कर चारों ओर की सड़कों के किनारों पर फैले कचरे का एक दिन के भीतर निष्पादन करने के निर्देश दिए। उन्होंने सीएमओ से कहा कि पार्क और फर्श का निर्माण कार्य एक सप्ताह में पूर्ण कर लोकार्पित कराएं। मरीज के साथ रुकने वाली परिजनों के लिए वेटिंग रूम करने के लिए एवं सुरक्षा हेतु एक पुलिस चौकी प्रस्तावित करने के लिए निर्देश दिए। निरीक्षण के समय डॉ. विक्रांत गुप्ता नोडल मेडिकल ऑफिसर एवं डॉ. संदेश जैन सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा। मंत्री श्री सिंह ने शासकीय बालिका छात्रावास मे छात्राओं से हाथ मिला कर अभिवादन किया और कहा कि उन्हें सर के संबोधन से नहीं अंकल के संबोधन से बुलाएं। मैं आप सभी का गार्जियन हूं और तुम सब मेरी जिम्मेदारी हो। बिना हिचके या डरे अपनी समस्याएं और आवश्यकता बताएं, मैं यहां किसी पर कार्रवाई करने नहीं आया तुम्हारी सुविधाओं और असुविधाओं की जानकारी लेने आया हूं। छात्राओं ने बताया कि 56 छात्राएं अधिक होने से एकमोडेशन में परेशानी है। श्री सिंह ने कहा कि भवन के विस्तार और कक्षों की संख्या बढ़ाने का काम शीघ्र होगा।

# नगर निगम द्वारा निकाली जा रही अमृत कलश यात्रा का हुआ जगह-जगह स्वागत



**सागर, देशबन्धु।** महापौर संगीता तिवारी एवं निगमायुक्त चंद्रशेखर शुक्ला के निर्देशानुसार मेरी माटी-मेरा देश अभियान के तहत नगर के समस्त वार्डों में क्रमानुसार 12 से 27 सितंबर तक निकाली जा रही अमृत कलश यात्रा के दूसरे दिन का शुभारंभ कृष्णगंज वार्ड में पार्षद अनूप उर्मिल द्वारा किया गया और वार्ड में घर-घर जाकर चावल और मिट्टी कलश में एकत्रित कर नागरिकों को पंचप्रण की शपथ दिलाई।

तत्पश्चात वृंदावन वार्ड में प्रवेश करने पर शैलेश जैन ने कलश यात्रा का स्वागत करते हुए नागरिकों के साथ पंचप्रण की शपथ ली और मिट्टी-चावल का एकत्रीकरण किया। गोपालगंज वार्ड में पार्षद रुपेश यादव और उनके साथियों द्वारा मिट्टी और चावल एकत्रित कर लाल स्कूल के सामने भारत माता चौक पर नागरिकों के साथ पंचप्रण की शपथ ली तथा शिवाजीनगर वार्ड में पार्षद हेमंत यादव के नेतृत्व में बड़ी संख्या में नागरिकों के साथ महिलाओं ने चावल और मिट्टी कलश में एकत्रित कर पंचप्रण की शपथ ली। अमृत कलश यात्रा में सबसे आगे रथ चल रहा है जिसमें देशभक्ति गीत मिट्टी एंथम बज रहा है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उद्बोधन का ऑडियो जनता को सुनाया जा रहा है। यात्रा में नोडल अधिकारी विजय दुबे, सहायक नोडल अधिकारी बृजेश तिवारी, संबंधित वार्ड के उपयंत्री राजकुमार साहू सहित वार्डों के कर संग्राहक और वार्ड दरोगा उपस्थिति थे।

# भारतीय संस्कृति एवं ज्ञान परंपरा को अक्षुण्ण रखना हमारा दायित्व: नीलिमा गुप्ता



**सागर, देशबन्धु।** डॉ. हरीसिंह गौर विवि एवं शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास नई दिल्ली के संयुक्त तत्त्वाधान में भारतीय ज्ञान परंपरा: वैदिक गणित और चरित्र निर्माण एवं व्यक्तित्व का समग्र विकास विषय पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला के अंतिम दिवस पर समापन सत्र आयोजित किया गया। इस अवसर पर वैदिक गणित विशेषज्ञ श्रीराम चौथाईवाले, डॉ. अजय तिवारी, डॉ. राकेश भाटिया, डॉ. अनुराधा गुप्ता विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। संयोजक प्रो. दिवाकर शुक्ला एवं कुलसचिव डॉ. रंजन प्रधान भी मंचासीन थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने की। कार्यशाला के संयोजक सचिव डॉ. शशि सिंह द्वारा सम्पूर्ण कार्यशाला के सभी सत्रों का सार प्रस्तुत किया गया। प्रो. नीलिमा गुप्ता ने अध्यक्षीय वक्तव्य देते हुए कहा कि भारतवर्ष वैदिक संस्कृति से जुड़ा रहा है हमारा कर्त्तव्य है कि हम उस पर पुन: चिंतन करें, मनन करें और मंथन के द्वारा आगे ले जाए। इसी प्रविधि से हम अपनी भारतीय संस्कृति एवं ज्ञान परंपरा को अक्षुण्ण रख सकते हैं। हम एक सभ्य संस्कृति के वंशज है और ये कार्यशाला उसी संस्कृति का पुन: स्मरण करवाने का एक प्रयास थी। इस कार्यशाला का उद्देश विश्वविद्यालय में अध्यनरत छात्र-छात्राओं को वैदिक गणित की ज्ञान परंपरा को आत्मसात करवाना था। डॉ. श्रीराम चौथईवाले ने कहा कि यह कार्यशाला, पाठशाला में रूपांतरित हुई और भविष्य में ज्ञानशाला बनेगी। मां सरस्वती के हाथ में जो पुस्तक विद्यमान है वह हमेशा सीखने और सीखने की परंपरा को दर्शाती है और उसी से प्रेरणा लेते हुए हम सभी को इस परंपरा को आगे बढ़ाना चाहिए। विशिष्ट अतिथि डॉ. अजय तिवारी ने सभी आयोजकों एवं समन्वयकों को कार्यशाला को सफल स्वरूप देने के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि यह कार्यशाला अपने उद्देश्यों में सफल हुई है और आगे आने वाले समय में विश्वविद्यालय चरित्र निर्माण एवं वैदिक अध्ययन का एक बड़ा केंद्र बनेगा। पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता के विजेताओं को मिले प्रमाण पत्र, सत्र का संचालन डॉ. नौनिहाल गौतम ने किया तथा आभार प्रो. दिवाकर शुक्ल ने ज्ञापित किया।

# ईएफए पं. रविशंकर स्कूल की छात्राओं ने 3 दिवसीय कार्यशाला में संस्कृत में दिया उद्बोधन



सागर, देशबन्धु। डॉ. हरीसिंह गौर विवि एवं शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास नई दिल्ली के संयुक्त तत्वाधान में तीन दिवसीय कार्यशाला वैदिक उत्सव के रूप में वैदिक गणित एवं चरित्र निर्माण एवं व्यक्तित्व का समग्र विकास विषय पर आयोजित वैदिक संसद/सभा में ईएफए पं. रविशंकर शुक्ल शास. कन्या उमा विद्यालय की छात्राओं ने अपनी महत्वपूर्ण सहभगिता निभाते हुए धर्म, कर्म, ईश्वर, व्यक्तित्व या चरित्र निर्माण आत्मतत्व जैसे जटिल विषयों पर वेदों के दृष्टिकोण से संस्कृत भाषा में अपने विचार रखें।

इस कार्यक्रम में सहभागी रही छात्राओं ने जिन्होंने अपने उत्तम प्रदर्शन से विद्वद्जनो से प्रशंसा प्राप्त की। प्रचार समिति द्वारा प्रतिभा प्रोत्साहन प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, जिसमें लोकगीत विधा में कु. सेजल प्रजापति कक्षा 12वीं की छात्रा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों की विषय मार्गदर्शिका प्रभारी शिक्षक डॉ. ख्याति बेलापुरकर, सहयोगी शिक्षक डॉ. आशीष जैन, राकेश कुमार जैन, राजेन्द्र जैन ने किया छात्राओं को भारतीय परिवेश में परिधान एवं समन्वय रिंकी राठौर ने किया। प्राचार्य डॉ. महेन्द्र प्रताप तिवारी ने छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि यह अद्वितीय प्रदर्शन है।

## मंत्री गोपाल भार्गव आज बीना जाएंगे

**सागर, देशबन्धु।** लोक निर्माण मंत्री गोपाल भार्गव 14 सितंबर को बीना रिफायनरी परिसर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में आयोजित पेट्रोकेमिकल प्रोजेक्ट के शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल होंगे। गोपाल भार्गव सभा स्थल पर प्रधानमंत्री श्री मोदी की अगवानी भी करेंगे। इसके लिए उन्हें मिनिस्टर इन वेटिंग नियुक्त किया गया है। प्रधानमंत्री की जनसभा के बाद श्री भार्गव वापस गढ़ाकोटा आएंगे।